अदिति/Aditi

2024-25



"सच्ची शिक्षा का प्रथम सिद्धांत यही है कि कुछ सिखाया नहीं जा सकता।"
- श्री अरविन्द घोष

"The first principle of true teaching is that nothing can be taught"
- Sri Aurobindo Ghosh

श्री अरविन्द महाविद्यालय (सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय

SRI AUROBINDO COLLEGE (EVENING)
UNIVERSITY OF DELHI


Glimpses
of
Malhar'25


SRI AUROBINDO COLLEGE
(UNIVERSITY OF DELHI)
MALVIYA NAGAR NEW DELHI-110017
NATIONAL SERVICE SCHEME
Sri Aurobindo College (Eve.)
(UNIVERSITY OF DELHI)
#NOTMEBUTYOU
Glimpses of College Societies
National Service Scheme
ONE NATION ONE ELECTION
One Nation, One Election,
A Unified Voice for Stability, Growth, and Strong Governance!

EDITORIAL BOARD



Left to Right

1st Row: Dr. Monica, Dr. Kanika Lakra, Dr. Ajit Kumar, Principal Prof. Vipin Aggarwal, Mr. Ravi Kant, Dr. Jyoti Kulshreshtha

2nd Row: Dr. Raman Kumar, Dr. Guriya Kumari, Prof. Kusumakar Pandey, Mr. Satyam Kumar, Dr. Bhaskar Mishra, Prashant Pathak B.A.(P) III Year, Anurag Pratap Singh B.A.(H) English III Year, Ananya Barick B.A.(H) App. Psy. III Year, Aashish Dubey B.A.(H) English III Year, Deepanshu Saini B.Com.(H) III Year

अंततः, मौलिक रचना का श्रेय लेखक के विचारों को ही जाता है। उनसे संपादक या सहमति अनिवार्य नहीं है। रचना की मौलिकता की जिम्मेदारी भी लेखक की है।



Principal's Message

Dear Readers,

I am pleased to introduce the latest edition of the Annual Magazine-Aditi, which carries with it the immense efforts of our students and faculty members. SACE has always been actively participating in the dissemination of knowledge, and this magazine is an example of our commitment to providing a platform for creative expression.

I would like to congratulate the editorial board for their tireless efforts in bringing out the magazine and showcasing their work in the best possible manner. I am confident that the magazine will be a source of inspiration for the students and provide valuable insights into the world of academics, industry, and society. It is an opportunity to reflect on our progress and to set new goals for the future.

I cannot express my appreciation enough for the industrious STUDENT EDITORIAL BOARD of Aditi 2024-25. You have truly raised the bar in terms of academic and technical prowess. Once again, I am proud to be associated with such a vibrant and productive community. Congratulations to each of you, and I wish you all the very best in your future endeavours.

Keep up the good work!

PROF. VIPIN AGGARWAL
PRINCIPAL (OSD)

Editor-In-Chief's Message



Dear Readers,

It gives me immense pleasure to present Aditi 2024-25 to you. This issue, like the previous one, is available in both soft/pdf and print formats. Aditi is a small initiative of Sri Aurobindo College Evening, published annually, which gives an enormous opportunity to our students, faculty, and administrative staff members to come up with their creative and innovative thoughts and exhibit their originality in front of everyone. It's a matter of great delight that our student editors were able to complete the pre-printing work digitally, which included cover-page design, typesetting, indexing, graphics, and pagination. This was made possible by Ananya Barick (Student Editor-in-Chief), Anurag Pratap Singh (Student Editor-in-Chief), Aashish Dubey (Technical Support), Deepanshu Saini (Technical Support), and Prashant Pathak (Technical Support).

I want to express my sincere gratitude to our principal, Prof. Vipin Aggarwal, for his brilliant and important suggestions that helped us create the magazine. I would like to thank every member of the editorial board for their contribution to this issue. I'm proud that we promote in our students the importance of perseverance, originality, and quality work. I hope you enjoy reading this issue as much as we enjoyed editing it.

DR. AJIT KUMAR
EDITOR IN CHIEF

EDITORIAL BOARD FACULTY



Dr. Ajit Kumar
Editor In-Chief



Prof. Kusumakar Pandey
Hindi Editor



Dr. Jyoti Kulshreshtha
English Editor



Dr. Raman Kumar
Sanskrit Editor

EDITORIAL BOARD
HINDI



Dr. Batti Lal Bhairwa
Co-Editor



Dr. Bhaskar Mishra
Co-Editor



Dr. Hriday Kumar
Co-Editor



Dr. Guriya Kumari
Co-Editor



Dr. Nayna
Co-Editor



Dr. Monica
Co-Editor

EDITORIAL BOARD
ENGLISH



Mr. Ravi Kant
Co-Editor



Mr. Satyam Kumar
Co-Editor



Dr. D.A. Esther
Co-Editor



Dr. Kanika Lakra
Co-Editor

EDITORIAL BOARD STUDENTS



Ananya Barick
Editor In-Chief



Anurag Pratap Singh
Editor In-Chief



Deepanshu Saini
Technical Support



Aashish Dubey
Technical Support



Prashant Pathak
Technical Support



Suprit Singh
Sanskrit Editor



Rahul Gupta
Hindi Editor

अनुक्रम

हिंदी



1. नगरीकरण, इतिहास और हिन्दी उपन्यास: कुछ विचारबिन्दु	• प्रो. अनीशा श्रीवास्तवा	२
2. एक देश - एक चुनाव	• डॉ अजीत कुमार	६
3. सीधा चला जा रहा था	• यशपाल सिंह तालान	१२
4. खुशी	• आरती गुप्ता	१३
5. फर्क	• अनुराग प्रताप सिंह	१४
6. ताला	• प्रशान्त पाठक	१५
7. एक अधूरी ग़ज़ल	• माइल हुसैन	१६
8. सपनों का भारत	• रोहित कुमार	१७
9. दुशासन वध आवश्यक है	• सत्यम शुक्ल	१८
10. यह पंछी क्या मुझसे कुछ कहने आए हैं?	• माइल हुसैन	१९
11. कालिंदी की पुकार	• प्रशान्त पाठक	२०
12. कृष्ण भीष्म संवाद	• रोहित कुमार	२१



13. कॉलेज एक सफर	• अंश बलियान	२२
14. हज़ारों ख्वाहिशें ऐसी	• अफसर शाह	२३
15. हम यार पुराने थे	• रितुनजय कुमार झा	२४
16. खामखां	• आयुष श्रीवास्तव	२५
17. राख में लिपटी हथेलियाँ	• शिवांश भारती	२६
18. नई सुबह, नया सफर	• प्रिया तिवारी	२७
19. झूठ	• कात्यायनी शुक्ला	२८
20. महाकुंभ: आस्था का महासागर	• दीपक कुमार	२९
21. मेरी प्यारी बहन	• आदित्य सिंह	३०
22. कविताएं	• वैभव सिंह	३१
23. पद्मावत: एक ऐतिहासिक रोमांटिक फिल्म की समीक्षा	• कमला चौधरी	३३
24. वर्तमान समय में गांधीवाद की प्रांसगिकता	• रिषभ पांडेय	३५
25. अराजकता	• सत्यम कुमार	३८

Contents

English

1. Dharti Aba- Birsa Munda: A Martyr — Dr. Susanta Kumar Bag 41
2. Emotional Intelligence: A key to Success for College Students — Prof. Vikas Kumar Joshiya 43
3. The Meaning Of Life — Dr. Jyoti Kulshrestha 46
4. Weaponised Trauma and the Interrupted Subject — Mr. Ravi Kant. 47
5. They All Came Dressed Up — Dr. Mercy Jill Jill 51
6. Lack of Purpose in Life : An Observation — Mr. Satyam Kumar 52
7. The Sarus Crane: Tallest Flying Bird of the World — Dr.Abdul Kalam 61
8. Role Of India's Soft Power in Engagement with Ethopia and Kenya , 2014 - 2024 — Dr. Niranjan Kumar Mistri 63
9. Call from the Wild - Jim Corbett — Artee Gupta 71
10. Lachit Borphukan : An Unsung Warrior — Anupam Bhargav 72
11. The Power of MANDALA — Banita Chawla 75
12. To The Specials — Joena Chakraborty 77
13. Maa Matti Manush — Anurag Pratap Singh 79
14. My Gracious Duck — Bhavna Prajapati 84
15. Unconditional — Anurag Pratap Singh 85





16. Paperhearts — Jiya Sachdeva 86
17. Heart of Companionship — Afsar Shah 87
18. Festivals are Emotions — Vikas Kumar 88
19. Sucheta Kriplani : Bravery Beyond Politics — Shubhi Singh 90
20. Chhaava: Movie Review — Khushi 91
21. Moon rises stars flicker — Abheeroop Shrivastava 92
22. Echoes of Belongingness — Anisha Mohan 93
23. Political History of India — Abhash Tiwari 94
24. Communalism: A Threat to Unity and Progress — Rupali 95
25. Communication — Yaashvi 97
26. The Moon in me finds a sky in you — Manvi Bisen 98
27. Trader — Misha Sindhu 99
28. Ever had a goodbye hug — Ashi Srivastava 101
29. Untitled Poem — Hitansha Mehta 102

अनुक्रमणिका

संस्कृतम् खंडम्



1. अनुशासनम्	• डॉ. रमण कुमार	१०५
2. महिला सशक्तिकरणम्	• अन्नपूर्णा कुमारी	१०६
3. शिक्षकदिनम्	• सुप्रित कुमार सिंह	१०७
4. छात्र जीवनम्	• खुशी शुक्ला	१०८
5. महाकविः कालिदासः	• अनिल कुमार	१०९



हिंदी अनुभाग

संपादकः

डॉ कुसुमाकर पाण्डेय
डॉ बत्तीलाल भैरवा
डॉ भास्कर मिश्र
डॉ गुड़िया कुमारी
डॉ नयना
डॉ मोनिका

छात्र संपादकः राहुल गुप्ता

नगरीकरण, इतिहास और हिन्दी उपन्यासः कुछ विचारबिन्दु

प्रो. अनीशा श्रीवास्तवा
प्रोफेसर
इतिहास विभाग

इतिहास में नगरीकरण को एक जटिल सामाजिक प्रक्रिया माना गया है। बदलती हुई परिस्थितियों में इसमे परिवर्तन होते रहते हैं। नवीन शासकों द्वारा नगरीय प्रशासनिक तंत्र में परिवर्तन अक्रिय नही होता। नगर व्यवस्था, नगरीय समाज की संरचना, सामाजिक वर्गो की उपस्तिथि सामाजिक वर्गो के आचार विचार, धर्म, जाति, व्यवसाय, इत्यादि के आधार पर एक नए राजनीतिकरण का जन्म लेना, इत्यादि सभी इससे प्रभावित होते हैं। इसी लिए यह ऐतिहासिक अध्ययन के दायरे में आ जाते हैं।। इतिहास मात्र घटनाओं एवं तारीखों का दस्तावेज़ नही है। बीसवी शताब्दी के सातवें दशक से ऐतिहासिक अध्ययन ने मानव अस्तित्व से जुड़े अनगिनत सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों को अपना केंद्र बिन्दु बनाया। इनमे सामाजिक संरचना की रूप रेखा, विभिन्न सामाजिक वर्गो के वृतांत, समाज में सत्ता तंत्र, जाति, धर्म, भाषा, जेन्डर संबंध, परंपरा, संस्कार, अंधविश्वास का सामाजिक अध्यनन एवं सामाजिक चेतना मे इनका औचित्य इत्यादि कुछ रोचक विषय हैं। मानव का भावनात्मक गठन एवं नैतिक मूल्यों पर उसकी आस्था समाज और परिवार के दायरे में ही पनपती है और वर्तमान और भविष्य के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ती है। अतः यह भी ऐतिहासिक अध्ययन का हिस्सा है। प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मार्क ब्लॉक ने अपनी कृति Historians Craft मे कहा था, की इतिहासकार एक दानव के समान है। जहां भी उसे मानव गंध का बोध होता है वो झटपट उसे अपने अध्ययन के दायरे मे सम्मिलित कर लेता है। अक्सर वर्तमान की परिसतिथियाँ और विकास बीते हुए कल से नए सवाल पूछने के लिए प्रेरित करती है। निःसंदेह इतिहासकार ई एच. कार ने सच कहा है की इतिहास वर्तमान के दायरे में बीते हुए कल का अध्ययन है। समय के साथ इतिहास के इस बृहद दायरे ने आधिकारिक स्रोतों (अभिलेख, सरकारी रिकार्ड, सरकारी रिपोर्ट, सरकारी लिखा-पढ़ी इत्यादि) में उपलब्ध जानकारी को सीमित करार किया है। इतिहासकार के लिए समाचार पत्र, व्यक्तिगत डायरी व्यक्तिगत लेख, देसज भाषा मे लिखी गयी पत्र पत्रिकाएं साहित्यकारों की कहानियों, कविता, उपन्यास, व्यंग्य, लोकगीत, लोक कथाएं इत्यादि सभी महत्वपूर्ण हो गए हैं। वर्तमान मे ऐतिहासिक साक्ष्यों में मौखिक इतिहास भी संमलित हो गया है। इस प्रक्रिया के तहत अतीत की घटनाओं मे भाग लेने वालों की आवाजों और यादों को इकट्ठा करना, संरक्षित करना और उनकी व्याख्या करना शामिल है। आज का शोथ अंतर विषयक अध्ययन के कारण और अधिक परिपक्व हुआ है। साहित्य, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र इत्यादि के सिद्धांतों ने मानव जीवन और सोच की जटिलताओं को बेहतर समझने का अवससर प्रदान किया है।

उपन्यास लेखन एक साहित्यिक शैली है। सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि उपन्यास महत्वपूर्ण लंबाई और जटिलता की गढ़ी गई गद्य कथा है जो मानवीय अनुभव के कल्पनात्मक रूप से संबंधित है। 1870-1940 के बीच संयुक्त प्रांत मे नगरीकरण की प्रक्रिया एवं औपनिवेशिक समाज मे मध्यक वर्ग की बढ़ती कशमकश को कुछ हिन्दी उपन्यासों में बड़ी कुशलता से परिलक्षित किया गया है। अन्य प्रदेशों की भांति संयुक्त प्रांत भी औपनिवेशिक राज्य के दौर में अनेकों परिवर्तनों से गुज़रा। 'भारत एक खोज' में जवाहर लाल नेहरू ने कहा था की संयुक्त प्रांत (दिल्ली को मिलाकर) के नगर मे हिन्दू फारसी एवं पाश्चात्य संस्कृतियों का समागम मिलेगा। दिल्ली आगरा लखनऊ इलाहाबाद मुग़ल काल, उत्तर मुग़ल काल एवं तत्पश्चात औपनिवेशिक दौर में अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। इतिहासकारों ने 1857 के विद्रोह के उपरांत संयुक्त प्रांत के शहरों में हुई तहस नहस को भली प्रकार परिलक्षित किया है। न केवल बड़ी मात्र में लोगों की मृत्यु हुई, बल्कि संपत्ति के विनाश का तांडव भी रचा गया। तत्पश्चात ब्रिटिश सरकार ने औपनिवेशिक प्रजाजनों के जीवन संचालन हेतु कचहरी, नगर पालिका अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली पर आधारित विद्यालय एवं विश्वविद्यालय की स्थापना की। एक रोचक उपन्यास मे नगर के बदलते परिवेश को अक्सर उपन्यासकार एक प्रष्टभूमि अथवा मंच के रूप में उपयोग करके विभिन्न मुद्दों, सामाजिक वर्गों की प्रतिक्रिया, उनके लिए पैदा होती नई चुनौतियाँ, सामाजिक संरचना में होने वाली उथल पुथल, औपनिवेशिक सरकार की कूटनीतिज्ञता, उससे जन्म लेने वाली नई देशज विचारधाराएं प्रभावित होने वाले समुदाय की मनोदशा, सामाजिक नैतिकता के बदलते मापदंड इत्यादि जैसे अंगिनीत पक्ष पाठक के समक्ष जीवांत प्रस्तुत हो जाते हैं। उपरोक्त कथनों को बेहतर समझने के लिए प्रेमचंद की एक चर्चित उपन्यास सेवा सदन को चुना गया है। धनपत राय श्रीवास्तवा अथवा मुंशी प्रेमचंद (31 जुलाई 1880-8 अक्टूबर 1936) हिन्दी साहित्य जगत के एक अविस्मरणीय कथाकार एवं उपन्यासकार हैं। बहुत ही कम ऐसे साहित्यकार हैं जो उनकी श्रेणी के कहे जा सकें। उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी सहज और जीवांत सोच। उनके आख्यान में अनगिनत परिसतिथियां का ताना बाना होता है किन्तु हर दृश्य का केन्द्रबिन्दु साधारण और रोज़मर्रे में संघर्षरत पुरुष और स्त्री ही होते हैं। सेवा सदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि निर्मला, गबन, कर्मभूमि गोदान इत्यादि उनके कुछ चर्चित उपन्यास हैं।

सेवासदन नामक उपन्यास सुमन नाम की एक स्त्री के इर्द गिर्द केंद्रित है। सम्पन्न घर की होते हुए भी परिसतिथीवश उसका विवाह एक अधेड़ उम्र के पुरुष से हो जाता है जिसके फलस्वरूप वह बनारस आ जाती है। दुखी होने के बावजूद वह एक आदर्श पत्नी के समान अपने कठोर पति की सेवा मे लगी रहती है। किन्तु असन्तुष्ट सुमन जब यह पाती है की उससे कम सुंदर और कम कुशल भोली नामक एक वैशया अधिक समृद्धि, और अधिक सामाजिक सत्कार की मालकिन है, तो न चाहते हुए भी वो उससे प्रभावित होती है। एक दिन क्रुद्ध पति द्वारा बेघर कर देने पर उसके कदम दाल मंडी अथवा बनारस के चौक की ओर अपने आप बढ़ जाते हैं। बनारस का चौक वह इलाका था जहां हिन्दू एवं मुस्लिम दुकानदारों और व्यापारियों के सम्पन्न व्यापार के अतिरिक्त वैशयाओं का भी बसा बसाया व्यापार था। यहाँ की वैषयाएं संगीत नृत्य, कला और सुंदरता की स्वामिनी मानी जाती थी। बनारस के सम्पन्न परिवारों के पुरुष इन वैशयाओं की संगत मात्र शारीरिक आनंद के लिए ही नही बल्कि इसलिए भी करते थे क्योंकि यह वैषयाएं उत्कृष्ट संस्कृति की स्वामिनी मानी जाती थी। मंदिरों में हर पूजा पाठ एवं तीज त्योहार इनके प्रदर्शन के बिना सम्पन्न नही माना जाता था। बड़ी बड़ी कोठियों में हर आयोजन पर इन्हे विशेष न्योते दिए जाते थे धीरे धीरे सुमन भी एक प्रसिद्ध वैशया में गिनी जाने लगती है। पूरे शहर में उसके चर्चे थे।

इस तारतम्य में परिवर्तन तब आया जब ब्रिटिश सरकार ने वैश्याओं को सभ्य समाज के लिए एक कलंक माना। वैश्याओं की उपस्तिथि को सभ्य समाज के दायरे में कंटक करार किया गया। सुधारवादी समुदाय ने इनके व्यवसाये की अवहेलना की। धीरे धीरे आधुनिक समाज इस विचार पर पहुंचा की वैश्याओं को शहर के केंद्र (अथवा चौक) से हटा कर शहर के परिधीय इलाके में बसाया जाए ताकि इनका साया भी नई पीढ़ी पर न पड़े और न ही वह उनकी चकाचौंध से भ्रमित हों। उनके धंधे को बंद करने के हर तरीके जुटाए गए। अंत मे साधु बन गए सुमन के पति 'सेवा सदन' नाम की एक संस्था खोलते हैं जहां वैश्याओं के बच्चों को पढ़ने लिखने और स्वावलंबी बनने के हुनर सिखाए जाते हैं। सुमन उसी विद्यालय में कार्यरत हो जाती है।

उपन्यास की पूरी कहानी उन्नीसवी शताब्दी के अंत और बीसवी शताब्दी के प्रारंभ में परिवर्तनशील बनारस के इर्द गिर्द केंद्रित है। उत्तर भारत का सबसे पवित्र नगर बनारस आधुनिकता के द्वार पर खड़ा था। 1857 के विद्रोह के उपरांत बनारस को भी नाश एवं पुनर्निर्माण के दौर से गुजरना पड़ा। 1857 से पहले अधिनियमों ने नगर निवासियों को नगर प्रशासन और व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व दे रखा था। किन्तु यह व्यवस्था उनीसवी शताब्दी के अंत तक रद्द हो गई। 1868 में उत्तर पश्चिमी अधिनियम IV ने नगर पालिकाओं की स्थापना की। इसका नियंत्रण डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के हाथों में दिया गया। उन्ही की सिफारिश से सदस्यों का चुनाव होता। यह पूर्णतः केन्द्रीकृत व्यवस्था थी। लॉर्ड रिपन के समय 1883 में उत्तर पश्चिमी एवं औध नगर पालिका अधिनियम पारित हुआ। हालांकि डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट प्रधान रहे लेकिन नामांकित सदस्यों के साथ निर्वाचित सदस्यों का भी प्रावधान रखा गया। 1900 तक नगर पालिका को पूर्ण प्रशासन का कार्य सौंप दिया गया। समय के साथ साथ-साथ 1909, 1916 में निर्वाचित सदस्यों की संख्या बढ़ती गई। किन्तु इसका अर्थ यह कतई नही था कि सदस्य सुयोग्य नगरीय व्यवस्था को कायम रखना अपना उद्देश्य मानते थे। बीसवी शताब्दी के आरंभ में हालांकि बनारस मे पुराने सामाजिक वर्ग जैसे राय, जमीदार एवं व्यापारी अभिजन समाज का प्रभुत्व था, किन्तु ब्रिटिश शासन के अधीन पनपने वाले नए सामाजिक वर्ग जैसे पेशेवर लोग या कचहरी में काम कने वाले वकील इत्यादि की उपसतिथि भी बढ़ रही थी। नगर पालिका के सदस्य गण इस मिश्रित समाज का ही हिस्सा थे। स्वाभाविक सी बात है कि नगर व्यवस्था के मुद्दों पर निर्णय लेते समय विभिन्न सामाजिक वर्गों के अपने हित भी आड़े आ जाते थे। इससे आपस में टकराहट स्वाभाविक थी। निर्वाचित सदस्यों की बढ़ती संख्या ने धर्म, व्यवसाय, जाति इत्यादि के आधार पर बनी विभाजन रेखाओं और गुटबंदी को और सुदृढ़ किया। इस उपन्यास में नगर पालिका की संरचना हेतु जन्म लेने वाली गुटबंदी एवं विचारों की टकराहट को भली भांति दिखाया गया है। जब वैश्याओं को दाल मंडी से हटाने का मसला उठा तो सब से ज्यादा विरोध व्यापारी वर्ग ने किया। इसमे दोनों हिन्दू और मुसलमान-व्यापारी शामिल थे। न केवल इससे उनका व्यवसाय प्रभावित होता बल्कि मंडी की रौनक भी चली जाती। कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों ने इसे यह कहकर सामुदायिक संकट माना कि अधिकतर वैश्याएं मुसलमान थी। यह रवैय्या मुसलमानों को अपमानित करने और मुसलमानों की संख्या घटाने हेतु था। किन्तु नए सामाजिक वर्गों ने इस मसले का खुल कर स्वागत किया। मुसलमानों और हिंदुओं में नए सामाजिक वर्गों ने इस आधार पर वैश्याओ को हटाने के मुद्दे का समर्थन किया कि, वैश्याएं समाज की गंदगी थी जो अनैतिकता फैलाती थी। कुछ मुसलमानों ने यह भी कहा की तवाइफ़ों का मुसलमान होना मुसलमान समुदाय का दुर्भाग्य था। कुछ उदारवादी हिन्दू और मुसलमान सुधारकों का यह कहना था की वैश्याओं को अपना चाल चलन सुधारना चाहिए, और इसके लिए शिक्षित समाज को आगे बढ़कर उनकी सहायता करनी चाहिए।, उनका पुनर्विवाह होना चाहिए। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास में नए समाज और पुराने समाज की इस टकराहट को भली प्रकार दृष्टिगोचर किया है। सभी महत्वपूर्ण प्रदेशों की भाँति संयुक्त प्रांत के अधिकतर महत्वपूर्ण नगरों के सार्वजनिक क्षेत्र मे विचारों का आदान-प्रदान बदलते हुए बौद्धिक माहौल का

सूचक था। पुराने समाज के अनेक तौर तरीकों का तिरस्कार किया जा रहा था। वैशयाओं का संगत करने वाले लोगों को मनोरंजन के 'सभ्य' तरीके अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। उन्हे कहानी और उपन्यास पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।। नगरों में नैतिकता के नए मापदंड तय किए जा रहेथे। संगीत को वैषयाओं के दायरे से निकाल कर व्यवस्थिक तरीके से युवा युवतियों को इसकी शिक्षा देने की बात की जा रही थी। अंततः वैषयाओं को नगर से बाहर करने के मत की जीत हुई। साथ में उन्हें नगर के किसी भी सार्वजनिक स्थान में जाने की आज्ञा नही थी। उन्हे मुजरे इत्यादि में बुलाने वालों पर अत्यधिक कर लगाने का प्रावधान किया गया। इस प्रकार से वैषयएं- जो पुराने बनारस के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक जीवन का अभिन्न हिस्सा थी उन्हे नैतिकता के मुद्दे की दुहाई देकर पूर्णतः निस्कासित कर दया गया।

इस प्रकार से उपन्यास युग विशेष के सामाजिक इतिहास को एक बहुत बड़ी आधार सामग्री उपलब्ध करती है। भले ही उपन्यासों की पटकथा काल्पनिक हो, भले ही इसमे उपन्यासकार का अपना दृष्टांत संमलित हो किन्तु इससे इतिहासकार के लिए उपन्यासों की महत्वता कम नही होती। इतिहास में मानव समाज के परिवर्तनशील प्रसंगों को समझने के लिए इतिहासकार उपन्यास के कथानक को अनुभवजन्य वास्तविकता के लिए उपयोग नही करता। यह देखा गया है की अधिकतर वही उपन्यास लोकप्रिय होते हैं जो उस समय के सांस्कृतिक माहौल को वास्तविक तौर से व्यक्त करें। वैकल्पिक रूप से एक लोकप्रिय उपन्यास का उपन्यासकार जिस सांस्कृतिक ढांचे में अपने चरित्रों को ढालता है वो चयनीत दौर में उपलब्ध सांस्कृतिक प्रतिमान के बहुत समान होता है। और इसी की समझ इतिहासकार को वह अंतर्दृष्टि उपलब्ध करती जो एक परिपक्व जनमानस के इतिहास की रचना मे सहायक होती है।

एक देश - एक चुनाव



डॉ अजीत कुमार
सहायक प्रोफेसर
राजनीति विज्ञान विभाग

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ वर्ष 2019 की लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 की लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। इस लोकसभा चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 97 करोड़ की आबादी दर्ज की गयी थी, जबकि कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 93,00,00 थी और चुनाव के सुरक्षा कार्य में जुड़े पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की संख्या भी सामान्यतया 12 लाख के आस पास रही। भारत के लोकतान्त्रिक समाज की आधारशिला उस समाज की विविधता को दर्शाती है जिसमे जाति, धर्म, वंश, लिंग, भाषा, जन्मस्थान और रंग के आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव न हो।

वर्तमान में लोकसभा और राज्यों को विधान सभा के चुनाव एक साथ कराये जाने के मसले पर लम्बे समय से बहस चल रही है। इस मुद्दे पर चुनाव आयोग, विधि आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग विचार समय समय पर विचार कर चुके है। हाल में विधि आयोग ने देश में एक चुनाव कराने के मुद्दे पर विभिन्न राजनितिक दलों, क्षेत्रीय दलों और प्रशासनिक अधिकारियों की राय जानने के लिए तीन दिवसीय सम्मलेन का आयोजन किया। उस सम्मलेन में कुछ राजनीतक दलों ने सहमती जताई जबकि ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया। इस लेख के माध्यम से यह समझने की कोशिश की गयी है कि एक देश में एक चुनाव की आवश्यकता क्यों है ? इसकी पृष्ठभूमि क्या है? देश में इस प्रक्रिया को फिर से लाने पक्ष में क्या तर्क है? इसकी क्या क्या सीमाएं है ? इत्यादि। एक देश एक चुनाव का निहितार्थ भारत में तीन स्तर पर व्यस्क मताधिकार प्रणाली के स्तर पर जनता द्वारा जन प्रतिनिधियों को चुनाव संपन्न कराया जाता है। संघ के स्तर पर लोकसभा, राज्य स्तर पर विधानसभा और स्थानीय स्तर पर स्थानीय निकायों के चुनाव प्रमुख है। एक देश एक चुनाव का सिद्धांत इस बात की वकालत करता है की तीनों स्तर के चुनाव में मतदाता एक साथ एक ही दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करे परन्तु भारत की विधि कार्य विभाग और भारतीय विधि आयोग की 16 अप्रैल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार एक देश एक चुनाव का अर्थ केवल लोकसभा और राज्यविधान सभाओं के चनावों तक ही सीमित रहेगा।

एक देश एक चुनाव का विचार समकालीन समय में बहुत से देशों में अपनाया गया है। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय सभा और प्रांतीय विधायिका के लिए एक साथ ही अलग अलग बैलट पेपर पर वोट डाले जाते है। स्वीडन में आम चुनाव तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एक ही दिन होते है। बेल्जियम में नागरिकों के पास पांच अलग अलग तरह के चुनावों के वोट डालने पड़ते है। पहला, यूरोपियन यूनियन के प्रतिनिधियों के लिए, दूसरा संघीय चुनाव के लिए, तीसरा संघीय विधायिका के लिए, चौथा प्रांतीय चुनाव और पाचवा स्थानीय निकायों के लिए, जहाँ यह सभी चुनाव संयोग से एक ही समय होते है। इस प्रकार विश्व के अनेक देशों में कानून या फिर संयोग से विभिन्न स्तर पर होने वाले चुनाव एक साथ होते है। उपरोक्त देशों के साथ साथ ब्राजील, फिलीपिंस, बोल्बिया, कम्बोडिया, कोस्टारिका, ग्वाटेमाला इत्यादि देशों में एक देश एक चुनाव का सिद्धांत प्रचलित है। लेकिन इन सभी देशो में अध्यक्षात्मक प्रणाली है जबकि भारत में संसदात्मक प्रणाली है। साथ ही साथ भारत की भौगोलिक सीमा का विस्तार इन देशों की तुलना में कई अधिक है एक जनसंख्या भी अधिक है। एक देश एक चुनाव की आवश्यकता क्यों किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते है। भारत जैसे विशाल देश में निर्बाध रूप से चुनाव कराना एक चुनौती रहा है, यदि हम देश में होने वाले चुनाव पर नजर डाले तो हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते है। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड़ में रहता है इससे न केवल प्रशानिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते है बल्कि देश के खजाने पर भी भारी बोझ पड़ता है। इससे बचने के लिए नीति निर्माताओं ने लोकसभा तथा राज्य विधान सभा का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया । एक देश एक चुनाव की पृष्ठभूमि भारत में एक देश एक चुनाव का विचार नया नही है। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओ के चुनाव साथ साथ हो चुके थे। इससे यह ज्ञात होता है कि देश की शासन प्रणाली को एक राष्ट्र का अनुभव है। वर्तमान में भाजपा और उसके अन्य सहयोगी दल जो एक राष्ट्र का समर्थन कर रहे है उसे आजादी के बाद कांग्रेस ने दो दशक तक इस देश में चलाया है। 1967 के आम चुनाव के बाद एक नया राजनितिक दौर शुरू हुआ इसमें 1968 69 में अनेक राज्यों के विधानसभा समय से पहले बर्खास्त कर दिए गये जिसमे ज्यातातर गैर कांग्रेसी सरकार या कांग्रेस का विरोध करने वाले राज्य शामिल थे। 1969 में केरल की कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार को अनुच्छेद 356 का दुरूपयोग करके अवधि पूर्ण करने से पूर्व ही गिरा दिया गया और विधानसभा भंग कर दी गयी। वर्ष 1970 में लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नही कर पाई और समय से पहले ही विघटित हो गयी और फिर 1971 में चुनाव कारवाने पड़े। पाचवी लोकसभा का कार्यकाल अनुच्छेद 352 लगाकर 1977 तक बड़ा दिया गया। उसके बाद आठवी, दशवी, चौदहवी एवं पंद्रहवी लोकसभा ने अपना कार्यकाल पूरा किया और छठी, सातवी, नौवी, ग्यारवी, बारहवी, और तेरहवी लोकसभा भी अपना कार्यकाल पूरा नही कर पाई। इस प्रकार भारत में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का क्रम टूट गया। एक साथ चुनाव कराने की आवश्यकता क्यों हुई ? भारत में चुनाव आयोग प्रतिवर्ष चुनाव आयोजित करता है। इससे सम्पूर्ण शासन प्रणाली चुनावी मोड़ में ही रहता है। अग्रलिखित बिन्दुओं के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि भारत में एक साथ चुनाव कराने की आवश्कता क्यों पड़ी

1- एक साथ चुनाव कराने का पहला व सर्वप्रमुख कारण चुनाव में बढ़ता खर्च। चुनाव का बजट बढ़ता जा रहा है और चुनाव करवाने में अत्यधिक पूंजी खर्च हो रही है। न केवल चुनाव आयोग बल्कि राजनीतक दल भी चुनाव को धन बल के माध्यम से जीतने की कोशिश करते है और चुनावी भ्रष्टाचार बढ़ा रहे है। एक साथ चुनाव करवाने से न केवल राजनीतक दलों और सरकार के चुनाव व्यय में कमी आएगी बल्कि प्रति वर्ष अलग चुनाब करवाने पर होने वाले विशाल खर्च को भी कम किया जा सकता है।

2- एक साथ चुनाव करवाने से चुनाव प्रबंधन का कार्य भी आसानी से हो सकता है। निर्वाचकों की बढ़ी संख्या की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक साथ चुनाव कराने से चुनाव में होने वाली अव्यवस्थाओ को रोका जा सकता है। इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने का भी अनुमान लगाया जा सकता है और सार्वजनिक अवकाश भी कम होंगे और चुनावी गतिविधियों का भी सरलीकरण होगा।

3- एक साथ चुनाव कराने से शासन प्रक्रिया में होने वाली बाधा को कम किया जा सकता है। इसका प्रमुख कारण है सरकारे केवल मतदाताओं की संख्या वृद्धि के कारण लोकप्रिय उपायों पर ध्यान केंद्रित नही करेगी।

4- भूतपूर्व न्यायमूर्ति बी.पी. जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में भारत के विधि आयोग ने चुनाव काननों में सुधर विषय पर अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया की शासन व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होना चाहिए। कार्मिक, लोकशिकायत विधि एवं न्याय सम्बन्धी स्थायी समिति ने लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाने के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट 2015 में भारत सरकार को सुपुर्द किया।

5- चुनाव के दौरान जिन क्षेत्रों में चुनाव होने होते हैं वहां आचार संहिता लागू कर दी जाती है। आचार संहिता लागू कर देने से केंद्र तथा जिस राज्य में चुनाव होने है वहा के सभी कार्य रुक जाते है इस सम्बन्ध में यह शासन के सामान्य कार्य को भी प्रभावित करता है।

एक देश एक चुनाव एक साथ न कराने के पक्ष में तर्क -

1- संघीय ढांचे के विरुद्ध भारत में संघीय ढांचा को अपनाया गया है जिसमे बहुपक्षीय लोकतंत्र को रखा गया हैं जिसमें लोकसभा और विधान के चुनाव अलग अलग होते है। विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाता है, जहाँ जनता पार्टियों और नेताओं को राज्य में किये गये उनके कार्यो पर वोट करती हैं । यदि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ होता है तो स्थानीय मुद्दों से जनता का ध्यान भटकेगा जो संघीय लोकतंत्र के विरुद्ध होगा।

2- संविधान में प्रावधान का न होना भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नही है जिससे यह प्रतीत होता हो कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जा सकते हो। चुनाव आयोग के मुतावित एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में संसोधन की आवश्यकता होगी।

3- नियंत्रण और संतुलन व्यवस्था का लोप संभव बार बार होने वाले चुनाव सरकार के लिए एक नियंत्रण एवं संतुलन की व्यवस्था कायम रखने के कार्य करते है। दरसल इससे जन प्रतनिधियों में डर जाता रहेगा कि किसी एक राज्य में काम न करने की सजा किसी दुसरे राज्य में पार्टी को मिल सकती है।

4-चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्राप्त होता है, यदि एक साथ चुनाव होते है तो इससे बेरोजगारी बढेगी। एक देश एक चुनाव के लिए राजनीतिक दलों में भी मतैक्य हैं जिससे पार पाना काफी मुश्किल कार्य है।

एक साथ चुनाव कराने के संबंध में उच्च स्तरीय समिति

भारत सरकार ने 2 सितंबर 2023 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह पता लगाना था कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना कितना उचित होगा। समिति ने इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर सार्वजनिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाएं मांगी और इस प्रस्तावित चुनावी सुधार से जुड़े संभावित लाभों और इसकी चुनौतियों का विश्लेषण करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श किया। यह रिपोर्ट समिति के निष्कर्षों, संवैधानिक संशोधनों के लिए इसकी सिफारिशों और शासन, संसाधनों तथा जन-मानस पर एक साथ चुनाव के अपेक्षित प्रभाव का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत करती है।

1. जनता की प्रतिक्रियाः समिति को 21,500 से अधिक प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई, जिनमें से 80% एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में थी। प्रतिक्रियाएँ देश के सभी कोनों से आई, जिनमें लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार, नागालैंड, दादरा और नगर हवेली शामिल हैं। सबसे अधिक प्रतिक्रियाएँ तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, गुजरात और उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुई।

2. राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएँः 47 राजनीतिक दलों ने इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इनमें से 32 दलों ने संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और सामाजिक सद्भाव जैसे लाभों का हवाला ाला देते हुए एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया। 15 दलों ने संभावित लोकतंत्र विरोधी प्रभावों और क्षेत्रीय दलों के हाशिए पर जाने से जुड़ी चिंताएं व्यक्त की।

3. विशेषज्ञ परामर्शः समिति ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, पूर्व चुनाव आयुक्तों और विधि विशेषज्ञों से परामर्श किया। इनमें से अधिकाधिक लोगों ने एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा का समर्थन किया और बार-बार चुनाव कराने से संसाधनों की बर्बादी तथा सामाजिक-आर्थिक बाधाओं पर ज़ोर दिया।

4. आर्थिक प्रभावः सीआईआई, फिक्की और एसोचैम जैसे व्यापारिक संगठनों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने बार-बार चुनाव से जुड़ी समस्याओं और खर्च में कमी लाकर आर्थिक स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया।

5. कानूनी और संवैधानिक विश्लेषणः समिति ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82ए और 324ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, ताकि लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकें।

6. कार्यान्वयन के लिए चरणबद्ध दृष्टिकोणः समिति ने एक साथ चुनाव की व्यवस्था दो चरणों में लागू करने की सिफारिश की है:

चरण 1: लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना।

चरण 2: लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के 100 दिनों के भीतर नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराना।

7. मतदाता सूची और इलेक्ट्रॉनिक मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) एक साथ बनाने की प्रक्रियाः समिति ने राज्य चुनाव आयोगों द्वारा मतदाता सूची तैयार करने में उनकी अक्षमताओं को उजागर किया और सरकार के सभी तीन स्तरों के लिए एकल मतदाता सूची और एकल ईपीआईसी बनाने की। सिफारिश की।

बार-बार चुनाव के बारे में जन-भावनाः जनता की प्रतिक्रियाओं से बार-बार चुनाव के नकारात्मक प्रभावों, जैसे मतदाताओं में थकावट और शासन में व्यवधान, के बारे में उनकी महत्वपूर्ण चिंताओं का संकेत मिला। एक साथ चुनाव होने से इनमें कमी आने की उम्मीद है।

वर्तमान सरकार में पास हुआ एक देश एक चुनाव का बिलः 17 दिसम्बर 2024 को देश में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इसे देश का 129 संविधान संसोधन विधेयक के रूप में पेश किया। कैबिनेट के माध्यम से दो विधेयक पास हुए जिसमे पहला विधेयक संविधान संसोधन से जुड़ा, वही दूसरा विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों जिनमें दिल्ली, पुदुचेरी, और जम्मू कश्मीर की विधानसभाओं से जुड़े 3 कानूनों के प्रावधानों के बदलाव के लिए साधारण विधेयक है। दोनों विधेयकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दोनों विधेयकों को मंजूरी मिली। जिसके माध्यम से देश में कई बदलाव देखे जा सकते है।

1- नई व्यवस्था के लागू होने पर चुनाव के कारण देश में उत्पादन क्षेत्र पर श्रमिकों के कारण होने वाला संकट खत्म होगा। सरकारी कामकाज सुचारू रूप से चलेगे।

2- केंद्र की भूमिका भारतीय जनता पार्टी इसके समर्थन में 2014 से है, मोदी सरकार ने 2024 के आम चुनाव में इसे अपने घोषणा पत्र में रखा। विधि आयोग इस सम्बन्ध में जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगा।

3- नीति आयोग का रुख वर्ष 2017 में नीति आयोग ने इस पहल को सराहा था। वर्ष 2018 में राष्ट्रपति रहे रामनाथ कोविंद ने सदन के संयुक्त सत्र को संबोधितकरते हुए इसे सही बताया था।

4- विधि आयोग की रिपोर्ट विधि आयोग ने अगस्त 2018 में मसौदे की रिपोर्ट पेश की। वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इसे समय की जरूरत बताया था।

5- सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में सितम्बर 2023 में छः सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति बनायी जिसकों इस विषय पर रिपोर्ट करनी थी।

6- समिति में कौन कौन था समिति में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नमी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व आयुक्त एनके सिंह, लोकसभा के महासचिव सुभाष कश्यप और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे इत्यादि प्रमुख थे।

7- समिति ने कितने बैठके की समिति ने 10 मार्च 2024 तक दिल्ली के जोधपुर आफिसर हॉस्टल में कुल 65 बैठके की। समिति ने इस साल मार्च में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के समक्ष पेश की थी।

8- चुनौतियाँ - संविधान में संसोधन के साथ इसके लिए राज्यों की विधान सभाओं से अनुमति लेनी होगी। संदेह हैं कि राष्ट्रीय मुद्दे के साथ क्षेत्रीय मूद्दे दब जायेगे।

9- मतदाताओं को सुविधा एक देश एक चुनाव की व्यवस्था से अलग अलग चुनावों में वोट डालने से झंझट से मुक्ति मिलेगी। वोट प्रतिशत में भी बड़ी तेजी से देखी जा सकती है।

एक देश एक चुनाव जैसे विधेयक को संसद में पेश किये जाने के बाद संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजे जाने की तैयारी है। इस समिति के जरिये राज्यों की विधानसभा अध्यक्षों से भी सलाह मशवरा किया जायेगा। इस मसले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में काफी रस्साकशी होनी तय है।

एक साथ चुनाव कराने का औचित्य

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्च स्तरीय समिति द्वारा जारी रिपोर्ट के निष्कर्षो पर आधारित निम्नांकित बिंदु द्रष्टव्य हैं:

1. शासन में निरंतरता को बढ़ावा देश के विभिन्न भागों में चल रहे चुनावों के कारण राजनीतिक दल उनके नेता, विधायक तथा राज्य और केंद्र सरकारें अक्सर शासन को प्राथमिकता देने के बजाय आगामी चुनावों की तयारी पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं। एक साथ चुनाव कराने से सरकार का ध्यान विकासात्मक गतिविधियों और जन कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नीतियों के कार्यान्वन पर केन्द्रित होगा।

2. नीतिगत निर्णय लेने में देरी नही होगी चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वन से नियमित प्रशानिक गतिविधियाँ और सतत सम्बन्धी पहलू बाधित होती है। यह व्यवधान न केवल महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में बाधा डालता है बल्कि शासन सम्बन्धी अनिश्चितता को भी जन्म देता है। एक साथ चुनाव कराने से आचार संहिता के लम्बे समय तक लागू होने की सम्भावना कम होगी जिससे नीतिगत निर्णय लेने में दरी नही होगी और शासन में निरंतरता संभव होगी।

3. संसाधनों का कही और इस्तेमाल नही किया जा सकेगा चुनाव ड्यूटी के दौरान बड़ी संख्या में कर्मियों की तैनाती जैसे की मतदान अधिकारी और सरकारी अधिकारियों को उनकी मूल जिम्मेदारियों से हटकर चुनाव कार्यों में लगाना संसाधनों के उपयोग के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। एक चुनाव आयोजित होने से बार बार तैनाती की आवश्यकता कम हो जाएगी। जिससे सरकारी अधिकारी और सरकारी संस्थाएं चुनाव सम्बन्धी कार्यों के बजाय अपनी प्राथमिक भूमिकाओं पर अधिक ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे।

4. क्षेत्रीय दलों की प्रासंगिता बनी रहेगी एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय दलों की भूमिका कम नही होती। वास्तव में यह चुनाव के दौरान उनकी अधिक स्थानीयकृत और केन्द्रित भूमिका को प्रोत्साहन करता हैं। इससे क्षेत्रीय दल अपनी अहम् चिंताओं और आकांक्षाओं को उजागर कर पाते हैं, यह व्यवस्था एक ऐसा राजनीतिक माहौल बनाती हैं जिसमे स्थानीय मुद्दे राष्ट्रीय चुनाव अभियानों से प्रभावित नही होते इस प्रकार क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने वालों की प्रासंगिकता बनी रहती है।

निष्कर्ष

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति ने भारत की चुनावी प्रक्रिया में एक क्रांतिकारी बदलाव की नींव रखी है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव चक्रों को एक साथ रखकर, समिति की सिफारिशें लगातार चुनावों से जुड़ी शासन में व्यवधान और संसाधनों की बर्बादी जैसी दीर्घकालिक चुनौतियों को दूर करने का आश्वासन देती हैं। संवैधानिक संशोधनों के साथ-साथ एक साथ चुनाव लागू करने के लिए प्रस्तावित चरणबद्ध दृष्टिकोण भारत में अधिक कुशल और स्थिर चुनावी माहौल का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। व्यापक सार्वजनिक और राजनीतिक समर्थन के साथ, एक साथ चुनाव की अवधारणा भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और शासन की दक्षता को बढ़ाने के लिए तैयार है।

सीधा चला जा रहा था

यशपाल सिंह तालान
(प्रशासनिक अधिकारी)

मैं चला जा रहा था
सीधा ही चला जा रहा था
अपने लक्ष्य की ओर
सीधा चला जा रहा था
मन में केवल लक्ष्य था
इसलिए
मैं सीधा चला जा रहा था।

अनेक चेहरे थे रास्ते में
कुछ जाने कुछ अनजाने
कुछ प्यारे कुछ मासूम
लेकिन मैं बेफिक्र था
क्योंकि
मन में केवल लक्ष्य था
इसलिए
मैं सीधा चला जा रहा था।

रास्ते की धूप रास्ते की बारिश
रास्ते की छांव रास्ते पर सुकून
सभी से बेपरवाह मैं
चला जा रहा था
क्योंकि
मन में केवल लक्ष्य था
इसलिए
मैं सीधा चला जा रहा था।

अधखुले दरवाजे के पीछे
झांकते कुछ प्यारे चेहरों ने
कुछ अधिक ही प्यारे चेहरों ने
कुछ पल ठहरने के आमंत्रण ने
रोक दिए मेरे कदम
क्योंकि
अब मेरे और लक्ष्य के बीच में कुछ था
वह प्यार था राग था

दरवाजा पूरा खुला
विशालकाय बदसूरत
आंखों में अंगारे लिए
घर के मालिक ने
अदरक सी उंगली से
मुझे आगे बढ़ने का इशारा किया

मैं आगे बढ़ तो गया
क्योंकि सामने मेरा लक्ष्य था
बीच में वह प्यार और स्नेह भी
अप्रत्याशित अब कुछ और भी
सब कुछ धुंधला करता हुआ

खुशी

आरती गुप्ता
(प्रशासनिक अधिकारी)

खुशी तो वो चिड़िया है.. जो बिन बात ही चहकती है।

खुशी तो उन मासूम चेहरों सी है.. जो स्कूल की घंटी के साथ झलकती है।

खुशी तो ओस की बूंद सी है.. जो सुबह की पहली किरन के साथ टपकती है।

खुशी तो वो बेबाक बच्ची सी है.. जो बिन सुरताल ही मटकती है।

खुशी तो वो मदमस्त मन-ए-बयार है.. जो उन्मुक्त चहुंदिश बहती है।

खुशी तो वो पैमाना है जो अनायास ही छलकता है।

खुशी किसी महल की मोहताज नही..

खुशी की कोई धर्म जात नही।

खुशी तो वो स्वच्छन्द परिन्दा है जिसकी उड़ान की कोई सीमा नही।

खुशी मन की पतंग है.. खुशी तितली के नए रंग हैं।

खुशी एक तरंग है.. खुशी नयी उमंग है।

खुशी सब तनावों की दवा है.. खुशी बुजुर्गों की दुआ है।

खुशी में जीवन की मिठास है.. खुशी "आरती" की अरदास है।

खुशी एक मीठी मुस्कान है. खुशी सकारात्मक पहचान है।

तो चलो ना.. किस बात का इंतजार है?

खुशी का कोई मुहुर्त तो नही.. तो रहें हर पल खुशी से

और रखें सबको खुश।



फर्क

अनुराग प्रताप सिंह
बी.ए. (विशेष) तृतीय वर्ष

तुम तो जैसे मुझे भूल ही गए हो
वरना तुम जो शहतूत के पेड़ पर बैठकर
मुझे कुदरत की ग़ज़ल सुनाते थे
न जाने अब क्यों नीम के पेड़ के नीचे बैठकर
अपनी बेवफाई के बहाने बताते हो
कभी सोचा है तुमने कि यह दिल तुम्हारे बिना क्या करेगा?
नही तुमने कभी नही सोचा
क्योंकि तुमने कभी इसे पहचाना ही नही
तुम्हारी कुदरत की गजलों में भी कोई और रहता था
कभी हवा तो कभी पानी
कभी पहाड़ तो कभी मौसम तूफानी
उन गजलों में तो कभी मैं था ही नही
हां लेकिन शहतूत के पेड़ के नीचे जरूर था
जो फर्श पर मिट्टी सा फैला था
जिसे तुमने उंगलियों से जाने दिया
कभी सोचा है कि जब तुम अब नीम के पेड़ के नीचे बैठकर
अपनी बेवफाई के बहाने और किसे बताते हो
तो इस मन में क्या चल रहा होता है ?
इस मन में ठीक तुम्हारे दिल की गजलों की तरह हवा तेज चलती है
नदिया उफान पर रहती हैं
पहाड़ तो जैसे बिखेर रहे हो
और मौसम तूफानी तो चक्रवात का रूप ले चुका है
कभी सोचना शहतूत के पेड़ में और उस नीम के पेड़ में क्या फर्क है
तुम्हारी कुदरत की गजलों में और मुझ में क्या फर्क है

ताला

प्रशान्त पाठक
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

पहले कहावत थी "तुम जो भी करते हो वह सब परमात्मा देखता है और उसी अनुरूप तुम्हें पुरस्कार या दण्ड अथवा स्वर्ग या नर्क मिलता है।" समय के अनुसार ठीक भी था। परन्तु वर्तमान समय में न तो दण्ड अथवा नर्क का भय रहा, न ही परमात्मा पर विश्वास। अतः अब हम गली नुक्कड़ पर, सड़क चौराहों पर, दुकानों में, बस स्टेशनों पर, कार्यालयों में, रेल स्टेशन पर, शिक्षण संस्थानों में, बैंक में, पोस्टर पर यह लिखते हैं, "आप कैमरे की नज़र में है।" कहावत वही है बस रूप नया है। कोई भी अवांछित कार्य करोगे तो कोई न कोई देख रहा है। चाहे वह परमात्मा हो या कैमरा।

अक्सर देखा जाता है कि अवांछित कार्यों से रक्षा हेतु कैमरे का और ताले का उपयोग करते हैं। प्रसून ने तो यही निष्कर्ष निकाला है कि

"ताला चोरी रोकने के लिए नही है बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि ईमानदार व्यक्ति के मन में बेईमानी न आए वरना जनाब! ताला तोड़ देना कौन सी बड़ी बात है।"

संभव है कुछ महानुभाव इस बात को लेकर खिन्न हो जाए कि हमने कैमरे और परमात्मा का कैसा अनियंत्रित समीकरण बैठा दिया। कुछ की तथाकथित भावनाओं को भी बड़ी ठेस पहुंचेगी। भले ही उनके हाथों ने कितनी ही बार कैमरे से बचकर ट्रैफिक हवलदार की जेब गरम की हों, अथवा अपनी फाइल ऊपर रखने के लिए चपरासी के चाय पानी का इंतजाम किया हो, या मेज के नीचे से आर बी आई गवर्नर के हस्ताक्षर युक्त कागज सरकाए हों लेकिन भावनाएं फिर भी इनकी ही आहत हुई हैं। अब हमारे महानुभाव रुष्ट न हो जाएं इसलिए इनकी भावनाओं के लिए भी कुछ अच्छा लिखने का विचार आया था लेकिन क्या करें 'ताला' तो हमारी भी लेखनी पर लगा हुआ है, बेईमानी आ ही नही सकती।

एक अधूरी ग़ज़ल

माइल हुसैन
बी.कोम. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

रहा परेशान हाल, सहर से दोपहर,
गुज़ारी शब सोचने में रदीफ़ और काफ़िया।
तेरे बिन मेरी खुम-ए-जाम भी अधूरी है,
एक गजल मेरी आज भी अधूरी है।

मालूम होता है वाकिफ नही हो उम्र-ए-हयात से,
करनी है तो करो मुकम्मल नफ़रत मेरे साथ से।
मोहब्बत करने को ये जिंदगी कहाँ पूरी है,
एक गज़ल मेरी आज भी अधूरी है।

ये तो सरासर बेअदबी है उन उसूलों की,
हिज़ भी जरूरी है, याद आना भी जरूरी है।
करता तो हूँ उज़ मिलने में, मैं भी मुखलिस,
मगर मुसलसल जुस्तजू भी कहाँ पूरी है।
एक ग़ज़ल मेरी आज भी अधूरी है।

ये जुंबिश-ए-दिल, ये साँसों का आना-जाना,
जो भी है, ये बस तेरी जी-हजूरी है।
वरना आशिक़ को क़ब्र से महज कुछ दूरी है.
एक ग़ज़ल मेरी आज भी अधूरी है।

सपनों का भारत

रोहित कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

आज सुबह जगने से पहले, मैंने देखा सपना एक उस सपने में मैंने देखा अपना प्यारा भारत देश वही ऊंचाई शिखरों की थी वही गहराई सागर की वही खड़ा था अड़िग हिमालय वही लहरें हिंद महासागर की सब कुछ तो था वैसा ही भौगोलिक दृष्टि से लेकिन कछ अंतर जो मैने देखे स्वप्निल दृष्टि से ना तो कोई भेद भाव था, ना कोई जाति बंधन था हर व्यक्ति था समान हर जन का एक सा मान था थे भाईचारे की बगिया के फूल गूंथे एक माला में उस माला का हार चढ़ा था भारत मां की निजशाला में

ना देखा कही भी भ्रष्टाचार ना बेइमानी का था नाम उस भारत ने तो छू रखा था बुलंदियों का मुकाम उस भारत के दर्शन से ही मिट जाती थी सारी पीर नदिया कल कल बहती ऐसे जैसे स्वच्छ सरिता का नीर था समागम सुंदर वो संस्कृति और विरासत का लहरा रहा था अजयी तिरंगा झंडा अपने भारत का

ना दंगे धर्म और मजहब के थे, ना झूठी एकता की थी बात उस सपने में पाया मैने हर भारतवासी को साथ देखे त्योहारों के मौसम उस भारत की दमन में क्या दिवाली क्या होली, ईद सब रंगे थे एक ही आलम में सभी धर्म और मजहबों की थी ये ही एक अकेली कौम देख जिसे पुलकित होता था हर भारतवासी का रोम

ना साक्षरता की कमी थी ना गरीबी का था नाम दुनिया भर में सबसे ऊंचा भारत का ही था मुकाम आर्थिक, विदेश नीतियों से थी इसकी एक अलग पहचान सक्षा, अंतः संबंधों से थी जिसकी एक अलग ही शान ना तो गुनाह दिखे थे मुझको ना ही था कोई गुनहगार उस दौर में सबके मध्य था भाईचारा और बस प्यार ना दिखी कही भी भुखमरी मुझको ना नियत किसी की खोटी थी वो एक ऐसा दौर था जिसमें सबके हाथ में रोटी थी प्रदूषण, जनसंख्या जैसी समस्याओं का था निपटान पूरे विश्व में गूंज रहा था भारत का बस राष्ट्रीय गान

इसी प्रकार खुशहाल रहे हो समृद्धि भारत के पास ये ही एक अपेक्षा मेरी है ये ही मेरा विश्वास जब भोर हुई तब आंख खुली और जाना ये था सपना बस क्या कभी साकार हो पाएगा मेरे सपनो का विकसित भारत? क्या कभी साकार हो पाएगा मेरे सपनो का विकसित भारत ?

दुशासन वध आवश्यक है

सत्यम शुक्ला
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

जो निजता को मान न दे, वो अनुबंधों का भक्षक है
जो ममता को सम्मान न दे, वो संबंधों का भक्षक है
नारी की कोई लाज नही है, अंधों की अधिसत्ता में
हे माधव! पुनः धर्म के खातिर, दुशासन वध आवश्यक है

आयु, ज्ञान, प्रमाण विवश है, शासन की लोलुप्ता में
पुत्र मोह में धर्म न्याय सब मौन पड़े विमुखता में
भीष्म तुम्हारा मौन कही न दुशासन की शक्ति बने
हे कृपाचार्य! हे द्रोण! उठो, न विदुर मात्र अभिव्यक्ति बने
हे धर्मराज! क्या राज्य एक, नारी गरिमा से बढ़ कर है?
हे माधव! पुनः धर्म की खातिर दुशासन वध आवश्यक है

न भ्राता प्रेम मे दुशासन नारी लज्जा का ह्रास करे
न पुत्र प्रेम में गांधारी श्राप कथन का काट करे
न द्वेष प्रेम में कर्ण वीर नारी पर उपहास करे
न पति प्रेम मे भानमती किसी दुशासन को माफ करे।
हे माधव! पुनः धर्म के खातिर दुशासन वध आवश्यक है

आओ एक चौसर हम भी खेले, एक भीष्म प्रतिज्ञा हम भी ले ले
यह युद्ध नही महाभारत का, यह है नूतन भारत का
नारी का पूजन जाप करे, न पांचाली कोई विलाप करे
हमको ही लाज बचानी होगी, स्वयं यह ध्वजा उठानी होगी
हम भारत मां के वंशज है, नारी कुल के रक्षक है
हे माधव! पुनः धर्म के खातिर, दुशासन वध आवश्यक है।

यह पंछी क्या मुझसे कुछ कहने आए हैं?

माइल हुसैन
बी.कोम. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

यह पंछी क्या मुझसे कुछ कहने आए हैं
क्यों मुसलसल ये इतना चहचहाए हैं
एक पेड़ की छांव में हल्का यूं जमाया है,
जैसे ये इसी के ये सरमाए हैं

सहमे हुए पत्ते भी क्या कुछ गुनगुनाए हैं
लगता है जैसे ये भी आपस में टकराए हैं
या मेरे आने से ये थम गए इस कदर
जैसे मैंने इनके फूल चुराए हैं

इन मकानों से पूछो, ये क्यों अपने सिर झुकाए हैं
क्या इन्होंने भी आपस में दो दोस्त लड़वाए हैं
ये वीरानों से भी क्या कुछ वास्ता है मेरा
ये क्यों मेरे मन को इस कदर भाए हैं

मैंने देखा, इसके चेहरे पर कितने दाग़ आए हैं,
क्या ये भी किसी को राह से भटकाए हैं
इस बेचारी झील को क्यों कर लिया यहाँ कैद
देखो अब आते-जाते लोग इस पर पत्थर बरसाए हैं

ऐ दिल, आरजुओं के पुल क्यों बनाए हैं
मोहब्बत में सुकूत-ए-वसल कौन पाए हैं
नज़र आ गई गर कोई शबीह भी उनकी
तो देखो मेरे क़दम फिर लड़खड़ाए हैं

कालिंदी की पुकार

प्रशान्त पाठक
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

हे कृष्ण! तुम्हारी कालिंदी, यूँ करुण कोप क्रंदन करती
कन्दुक क्रीड़ा से थी सुरभित, सम कालकूट गर्जन करती।
भरा हलाहल मनुपुत्रों ने, कलुषित धन अभिलाषा में
समझाना होगा हे माधव, अब इनको इनकी भाषा में ।।

कालिय मर्दन कर तुमने गिरिधर, कलुष नीर का हर डाला
कुचल दर्प फन को भुजंग के, मम तन कंचन कर डाला।
क्यों करे ये मानव दुराग्रही, कुत्सित कुरुप कलि काया को
विस्मृत विरक्त विचलित विदीर्ण, पर तज नहि पाया माया को ।।

इसकी अनुचित लोलुपता ने, दानव सम अन्धकता ने
प्राणी जीवन दुश्वार किया, स्थिरता को निस्सार किया।
अब शस्त्र-शास्त्र का ध्यान करो, असि का अपने आह्वान करो
रण हो या गीता सृजन ज्ञान, हो पाञ्चजन्य गुंजायमान ।।

कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने
प्रणतः क्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः।
दे टेर करुण करती पुकार, यम की भगिनी इस आशा में
समझाना होगा हे केशव, कटु इनको इनकी भाषा में ।।

कृष्ण भीष्म संवाद

रोहित कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

सुदर्शन हाथ लिया कान्हा ने, तीनों लोक घबराए थे शस्त्र ना धारण करूंगा कहने वाले ने शस्त्र उठाए थे इतना देख पितामह बोले, माधव मेरा उद्धार करो और नहि जीना चाहता मैं तुम ही मुझ पर वार करो

और क्यों देर लगा दी माधव, तुमने ये शस्त्र उठाने में प्रहार तुम ही करते दुर्योधन पे चाहे करते अनजाने में कम से कम कान्हा फिर ये महा समर तो न होता और अपने ही प्रिय जानो का मैं तो दोषी न होता

इतना सुनकर ही कान्हा ने सुदर्शन को रख दिया और पितामह के प्रश्नों का कुछ ऐसा उत्तर दिया

की सुनो पितामह मैं सभा में शांतिदूत बन आया था और साथ में पांडवो का संधि प्रस्ताव भी लाया था और सभा में दूत की कुछ गरिमायें होती हैं कैसे शस्त्र उठा लेता मैं कुछ सीमाएं होती हैं

इतना कहकर कान्हा ने गंगा पुत्र से पूछ लिया क्यों चुप थे चीर हरण पर क्यों कुछ भी नही किया क्यों चौसर के उस छल को रोक नही पाए क्यो बस 5 गांव दुर्योधन से ना दिलवा पाए

माधव के प्रश्नों को सुनकर पितामह कुछ अकुलाये थे और कुछ देर रुककर ही उत्तर दे पाए थे

बोले गंगा पुत्र कान्हा तुम तीनो लोक के ज्ञाता हो सब चीजों का भान तुम्हे तुम ही भाग्य विधाता हो ऐसा नही है माधव की मैं कुछ करना नही चाहता था लेकिन क्या करू कान्हा मैं वचनों से बंध जाता था

है शोक मुझे मैं कुलवधु का सम्मान नही बचा पाया और पांडवो को एक एक गांव भी न दिला पाया है खेद मुझे कृष्ण मेरे इन व्यवहारों का दया करों या दंड मुझे दो मेरे इन अपराधो का दया करो या दंड मुझे दो मेरे इन अपराधो का।



कॉलेज एक सफर

अंश बलियान
बी.ए. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

मेरे यारों ये साथ का पल अब एक दास्ताँ में बदल रहा, आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा।

क्लास और कैंटीन वाली कहानी होगी खत्म अब, अब अलग होगी मंजिलें और अलग होगा रास्ता अब।

कॉलेज की वो सीढियां जमती थी जहाँ महफ़िलें, वो सीढियों का स्टेज भी अब खाली करना पड़ रहा।

आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा बच्चे ही थे जब आये थे ये पल भी कैसे ढल गया।

हाथ में डिग्री मिली और हम सब सयाने हो गये, सेमेस्टर के एग्जाम भी सब कितने जल्दी हो गए।

एक पल मे अरसा गुजरने का ये दौर भी अब थम रहा, आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा।

मेरे दोस्तों ठीक से देख लो कही कुछ छूटा न हो, कही तुम्हारी वजह से कोई दिल रूठा न हो।

मेरे यारों, ये साथ का पल अब एक दास्ताँ में बदल रहा, आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा।



हज़ारों ख्वाहिशें ऐसी

अफसर शाह
बी.ए. (विशेष) तृतीय वर्ष

हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी, जो दिल में बसी रही,
कुछ पूरी हुई, तो कुछ अधूरी ही रही।

जो चाहा, वो मिला नही, पर चाहत बनी रही,
हर तमन्ना के पीछे एक उम्मीद बनी रही।

हर ख़्वाब ने एक नई राह दिखाई, कभी
ख़ुशी, तो कभी तन्हाई पाई।

चमकते ख़्वाब आँखों में बसाए हमने,
मगर हक़ीक़त की राहों में कुछ गवायें हमने,

दिल की बातों को लफ़्ज़ नही मिल सके,
अरमानों के चिराग़ अंधेरों में बुझ गए।
ख़्वाहिशें कहती रही, "थोड़ा और जी लें,"
ज़िंदगी कहती रही, "बस इतना ही जी लें।"

मगर हर ख्वाहिश की कीमत अदा न हुई,
हर मंज़र पे दुआ भी दवा न हुई।
कुछ ख्वाहिशें थी जो पूरी हो गई,
मगर बाकी अधूरी, अधूरी ही रह गई

हर ख़्वाहिश में एक जुनून, एक आग थी,
पर हर मंज़र में कुछ अधूरी सी बात थी।
जो पाया, उसमें खोने का डर लगा,
जो खोया, उसका राम हर पहर लगा।

मगर अब समझा, ये दुनिया का रंग,
हर ख्वाहिश से जुड़े हैं दुख और उमंग।
जो मिला, उसी में सुकून ढूँढ लिया,
जो न मिला, उसे खुदा का करम मान लिया।

हम यार पुराने थे

रितुनजय कुमार झा
बी.कोम. (प्रोग्राम) तृतीय वर्ष

हम यार पुराने थे,
जब न ख्वाइश, न सपने पर हम दूसरे के दीवाने थे।
मिलती थी हर खुशियां,
जब हम यार एक दुसरे के हवाले थे।।

अब वो बचपन बस यादों में सिमट गई,
जब हमारी बातें digital chat बनकर रह गई।
और फिर अब तो हम बड़े हो गए,
घर के जिम्मेदारी को ले खड़े हो गए।।

बिछड़ गए सारे यार जिम्मेदारी को ले कर,
चले गए दूर सभी बहुत कुछ यादें देकर।
मिलेंगें हम फिर से ये ख्वाइश बाकी है,
सपने होंगे पूरे अभी वक्त बहुत बाकी है।।

खामखां

आयुष श्रीवास्तव
बी.कोम. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

कहाँ रहते हो आजकल ?
देखूँ तुम्हें तो क्या जानूँ,

अजीब-सी रौनक में रहते हो,
फिर कही खामखां गुम हो जाते हो।

कभी बड़ी तेज रफ़्तार बहते हो,
फिर खामखां ठहर जाते हो।
कभी बेहद फिक्र में डूबते हो,
फिर खामखां हद में आ जाते हो।

क्या है तुम्हारा ये खामखां?
क्यों जानकर भी अनजान से लगते हो?

जाओ ना यार, क्यों खामखां,
क्यों खामखां परेशान करते हो?...



राख में लिपटी हथेलियाँ

शिवांश भारती
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

शाम हुई और फिर से वो सारे पेड़ मिट्टी के नीचे समा गए जहां

से वो कभी बाहर आए थे... हौसला देती फाल्गुन के महीने की धूप और शाम को वक्त पर घर लौटती थकी हारी ठंड।

माँ जब भी चूल्हे में सिकती रोटियों पर घी मसलती है तो बहुत खुश नज़र आती है, जैसे मानो के वो रोटी, रोटी नही मेरा नन्हा बदन हो और उसपर वो अपने राख जैसे नर्म हाथों से तेल की मालिश कर रही हो... मैंने अक्सर ये देखा कि माँ को शुरू से ही किताबें पढ़ने का उतना शौक नही था, वो जब भी किताब लेकर पढ़ने बैठती तो कुछ पन्नों के बाद या तो वो किताब छोड़ कर मुझे पढ़ने लगती या फिर मुझे ही उन चार पांच पन्नों को दोहरा कर पढ़ाने लगती।

माँ बहुत भोली है

माँ के ख्वाब तेज़ हवा से लड़ते आम के पेड़ की चोटी पर लगे उन पत्तों की तरह हैं जो कभी नही टूटेंगे...

लौटते वक्त मैं अपने साथ 'घर' नही ला सका, सो दो डब्बों में माँ के हाथ से बने कुछ घी से लिपटे लड्डू और मिर्च का वो पसंदीदा अचार साथ ले आया।

नई सुबह, नया सफर

प्रिया तिवारी
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

नई सुबह, नया सफर,
सपनों की बाहें, खुला है अम्बर।
हौसलों की रोशनी संग,
हम निकले हैं अपनी डगर।

कभी किताबों की गहरी दुनिया,
कभी दोस्तों की मीठी गुनगुनाहट।
कभी लेक्चर की उलझी बातें,
तो कभी कैंटीन की वो चाय की चुस्कियाँ।

हर दिन सीखें, हर दिन बढ़ें,
नई उड़ान भरने को मन लड़े।
गिरें, संभलें, फिर मुस्कुराएं,
संघर्षों से हर सीख अपनाएं।

ख्वाब हमारे, राहें नई,
मेहनत से होगी पूरी हर कमी।
ज्ञान की जोत जलती रहे,
हमारे सपनों को शक्ति दे।

एक दिन जब लौटेंगे यादों की राह,
यही कॉलेज के दिन देंगे साथ।
नई सुबह, नया सफर,
हर मंज़िल को करेंगे हम सर।

झूठ

कात्यायनी शुक्ला
बी.ए. (विशेष) द्वितीय वर्ष

कोशिश शुरू की है
अब खुद से सच कहने की
पर मन करता है पुराने जैसे रहने की
अच्छा लगना है तो झूठ
गुस्सा करना है तो झूठ
बड़ा बनना है तो झूठ
छोटा लगना है तो झूठ
सिर्फ़ झूठ
सिर्फ़ झूठ
खुद को खोने की आदत सी
अब हो गई है की खुद ही को खो गई मैं
सच बोलना सही तो
कोई मानता क्यों नही
मेरी असलियत को कोई पहचानता क्यों नही

महाकुंभः आस्था का महासागर

दीपक कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

हर 12 साल में एक बार, जब यह-नक्षत्र एक विशेष संयोग में बंधले हैं, तब गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तटों पर एक दिव्य संसार बसता है महाकुंभ यह केवल एक मेला नही, बल्कि आस्था, परंपरा और अक्ति का महासागर है, जिसमें डुबकी लगाते ही तन, मन और आत्मा पवित्र हो जाते हैं।

• जब आध्यात्मिकता लहरों पर बहती है:

कल्पना कीजिए-सूरज की पहली किरण जैसे ही गंगा की लहरों को चूमती है. लाखों श्रद्धालु "हर हर गंगे" के उद्घोष के साथ पवित्र स्नान के लिए उमड़ पड़ते हैं। नागा संन्यासियों की टोलियों, भस्म से रंगे शरीर, आकाश में लहराते ध्वज, मंत्री की गूंज और दूर-दूर तक मानवता की अविरल धारा- यह नजारा अद्भुत होता है।

• पौराणिक कथाः अमृत की बूंदों से बसा महाकुंभ

कहते हैं, जब देवताओं और असुरों के बीच अमृत कलश को लेकर महासंग्राम हुआ, तब अमृत की कुछ बूंदे पृथ्वी पर चार स्थानों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक पर गिरी। तब से हर 12 साल में इन पवित्र स्थलों पर महाकुंभ का आयोजन होता है, और करोड़ों लोग पुण्य लाभ के लिए यहाँ खिंचे चले आते हैं।

• संतों की छावनियों से लेकर आधुनिकता तक

महाकुंभ का आकर्षण केवल स्नान तक सीमित नही। यहाँ अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संतों की अव्य पेशवाई, वेदों का मधुर पाठ, आध्यात्मिक प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठान इसे एक अद्वितीय अनुभव बना देते हैं। वही, आधुनिक सुविधाओं, विशाल तंबू नगरी और डिजिटल प्रसारण ने इसे 21वी सदी का भव्यतम उत्सव बना दिया है।

• विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम

यह कोई साधारण मेला नही यह मानवता का महासंगम है, जहाँ भाषा, जाति, धर्म से परे सिर्फ श्रद्धा का प्रवाह होता है। विदेशी सैलानी भी इस दिव्यता के रंग में रंगने चले आते हैं। यहाँ स्नान केवल शारीरिक नही, बल्कि आत्मिक शुद्धि का प्रतीक है. जो जन्म-जन्मांतर के पापों को धो देता है।

• महाकुंभः जहाँ आस्था अमर हो जाती है

महाकुंभ हमें यह सिखाता है कि जीवन एक यात्रा है, और इसका सबसे पवित्र उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और परमात्मा की खोज है। जब आप लाखों श्रद्धालुओं के साथ गंगा में डुबकी लगाते हैं, तो मानो आपकी आत्मा भी एक नए उजाले में नहा उठती है। महाकुंभ केवल एक पर्व नही, यह भारत की सनातन संस्कृति की अमर कहानी है-एक ऐसा संगम, जहाँ हर हृदय आस्था में भीग जाता है और हर आत्मा अमृत की एक बूंद पा जाती है।

मेरी प्यारी बहन

आदित्य सिंह
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

ऐ मेरी बहन ! तू सुन ले ज़रा,
तू मेरे साथ हमेशा रहना...
अगर तू ना है तो मैं भी नही,
और तू है तो मेरी जिंदगी पूरी |

ओ मेरी बहन ! तू मुझसे कभी यू रूठना मत,
तू रूठ गई तो मैं क्या करूंगा।

तेरी खुशियों में, मिल जाऊं
गुल बन के मैं खिल जाऊं
इतनी-सी है दिल की आरजू
तेरी नाराज़गी मैं तुझे मनाऊं
तेरे रूठने से तुझे हंसाऊं
इतनी सी है दिल की आरजू

खुशियों से भरी ये झोली तेरी
जिससे तू आगे बढ़ती रहे
आबाद रहे तेरी ख़ुशी सदा
भगवान से बस यही दुआ

हो गांव हो या शहर हो
तेरा मेरा प्यार निराला रहे
ईश्वर से है बस यही दुआ
दोस्ती हमारी सदा सलामत रहे

तेरी खुशियों में मिल जाऊं
गुल बन के में खिल जाऊं
इतनी-सी है दिल की आरजू...

कविताएं

वैभव सिंह
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

1. मुझे नही चाहिए ये नीला आसामान

मुझे नही चाहिए ये नीला आसमान। ये शांत सुबह, ये शुष्क शाम,
ये मौन दुपहरी, ये गंभीर रात, ये सुस्त रूप, खिड़की की धूर ।।

मुझे नही चाहिए ये नीला आसमान। ये चाँद तारे, सूरज, ये सूने विस्तृत मैदान,
ये सूनी गलियाँ, ये निराश पड़े इंसान, ये ठप्प गाड़ियाँ, में रूके पुल महान।।

मुझे नही चाहिए में नीला आसमान। ये बंद मंडियाँ, ये चाय की दुकान, ये चुप कलेंडर, ये घड़ी शांत,
ये शिथिल शरीर, ये जूते कलांत

मुझे नही चाहिए ये नीला आसमान। ये रुकी मंदिरों की वंदना, मस्जिदों की अजान,
ये बंद पड़े चौराहे, मेरे शहर की शान, ये सूने पड़े गाँव के खेत-खलिहान ।।

मुझे नही चाहिए ये नौला आसमान। ये स्वच्छ समीरण, ये शून्य प्रदूषण,
ये सोयी-सूनी नदियाँ, थे सूखे पहाड़, ये चारदीवारी, ये सूना हिंदुस्तान।।

मुझे नही बाहिए ये नीला आसमान में पसरा सन्नाटा, देश सुनसान मे महामारी का कोलाहल,
में लाशों का हाहाकार!!

2. नाम इंसान है

जानवर से बद्दतर है, उसकी एक पहचान है, जलता है इंसान से, नाम इंसान है।
मतलबी बेईमान है, मतलब पर सलाम है, सिद्धी पर मतलब, दूर से राम-राम है।

मुख पर मीठी खीर है पीछे दूसरी तस्वीर है, दिखता घाव आम है पर घाव गंभीर है।
चार दिन की जिंदगी में, पाले कितने द्वेष हैं. मुझसे ऊपर उठे न कोई, मन इसी में बेचैन है।

करता बारों धाम है, उसको सबसे बैर है, करता है डोंग, उसे ढोंग से ही प्रेम है।
दिखता शरीफ है. शराफत का बस नाम है, अंदर बेईमान है, बाहर पसरा ईमान है।

निराला है जमाने से, बेअदब की दुकान है, जानवर से बदतर है, नाम इंसान है।

3. कविताएं निकलती हैं?

कविता निकलती है..? हिमगिरी की चोटी से, या सीप की मोती से.

निर्धन की पर्णकुटि से, या प्रेयसी के भूकुटि से,

सुख के संसार से, या दुःख के अंगार से, आँसुओं के धार से, या खुशी के प्रवाह से,

टूटे हृदय के तार से या बजते सितार से,

होंगे पथ अनगिनत कदाचित,

पर मूल मन का मल्हार ही है....!!

4. तेरा मेरा रिश्ता

सहेजना है,

संभालना है, ढ़कना है. बांधना है. बस बर्बाद नही करना है।

रोकना है, टोकना है. रुकना है, चालना है, बस इंतकाल नही करना है।

टूटना है. जुड़ना है. छटना है, बटना है. बस छल-छलाव नही करना है।

सोचना है, समझाना है. रूतना है. मनाना है बस व्यापार नही करना है।

तेरा मेरा रिश्ता जो खुदा ने बनाया है ना, इसे बस पाक रखना है ।।

5. इंसानियत का ही गला रेतता, सस्ता इंसान नही देखा...!!

देखा था लोगों को लड़ते, तेरा मेरा ही करते-करते,
जो ना देखा तो काल अभी का, दुःख में डूबा हाल सभी का

हर तरफ मौत का मंजर है. हर तरफ धनधीर उदासी है,
लगता है मानी "निर्भय, प्रकृति खून की प्यासी है। इस अति विपदा के मध्य-२ हुआ उदय कुछ गिद्दों का,

सांसों तक का सौदा करते जी. बच्चे, वयस्क और वृद्धों कर, जिनके मन में ना मोह किसी का ना जग से
इनकी कोई मारी है, इक का दस में सामान बेचते, करते जीभर काला-बाजारी है,

गोदामों में हवा छिपाते, कभी छिपाते दवाई है जरूरतमंदों से माल ऐंठते, करते न मुफ्त भलाई हैं।
सबकुछ देखा है दुनिया में, पर ऐसा भूबाल नही देखा,

सड़कों से शमशानों तक पसरा,
लाशों का अंबार नही देखा,

देखा है हैवानों के कारण, दम तोड़ते इंसानों को, पर इंसानियत का ही गला रेतता, सस्ता इंसान नही देखा।।

पद्मावतः एक ऐतिहासिक रोमांटिक फिल्म की समीक्षा

कमला चौधरी
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

फिल्म का नाम पद्मावत
निर्माता वायकॉम 18 मोशन पिक्चर्स, संजय लीला भंसाली
निर्देशक संजय लीला भंसाली
कलाकार : दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, शाहिद कपूर, अदिति राव हैदरी, रजा मुराद, जिम सर्भ
संगीतः संजय लीला भंसाली, संचित बलहारा
जॉनर एपिक पीरियड ड्रामा
रेटिंग: 4/5
प्रदर्शन तिथियाँ 25 जनवरी 2018
देश: भारत
भाषायें हिन्दी, राजस्थानी
लागत ₹215 करोड़ [1] (US$33 million)
कुल कारोबार ₹585 करोड़ (US$89.8 millio

कहानी

फिल्म की कहानी मलिक मोहम्मद जायसी की कृति 'पद्मावत' पर आधारित है। जायसी ने साल 1540 में इसकी रचना की थी। इसमें राजपूत महारानी पद्मावती के शौर्य और वीरता की गाथा है।

फिल्म की शुरुआत होती है, तेरवही सदी से। अफगानिस्तान में खिलजी वंश का शासक जलालुद्दीन खिलजी यानी रजा मुराद दिल्ली फतह करने के मंसूबे बना रहा होता है। इसी बीच उसका भतीजा अलाउद्दीन खिलजी यानी रणवीर सिंह जाता है और चाचा की बेटी मेहरूनिसा यानी अदिति राव हैदरी से निकाह कर लेता है। बाद में अपने चाचा जलालुद्दीन की हत्या करके गद्दी हथिया लेता है।

वही दूसरी तरफ मेवाड़ के राजा रावल रतन सिंह यानी शाहिद कपूर सिंडल देश जाते हैं, तो वहां उनकी मुलाक़ात राजकुमारी पद्मिनी पानी दीपिका पादुकोण से होती है। पहले से ही शादीशुदा रतन सिंह को पद्मिनी से प्रेम हो जाता है और वो उनसे विवाह करके चित्तौड़ लौट आते हैं।

चित्तौड़ लौटने के बाद कुछ कारणों के चलते राज पुरोहित राघव चेतन को रतन सिंह देश से निकाल देते हैं। राघव अपने इस अपमान का बदला लेने की ठानता है। इसके लिए वो दिल्ली जाता है और अलाउद्दीन खिलजी से रानी पद्मावती के रूप-गुण का बखान करता है।

राघव की बातों से प्रभावित होकर अलाउद्दीन अब रानी पद्मावती को पाने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सारी रणनीति अपनाता है। कई दिलचस्प मोड़ से होते हुए कहानी अंत तक पहुंचती है।

समीक्षा

पद्मावत एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण फिल्म है, जो राजपूत समुदाय की बहादुरी और साहस की कहानी को दर्शाती है। यह फिल्म न केवल राजपूत समाज के लिए बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर है।

संजय लीला भंसाली की इस फिल्म में आंखों को चकाचौंध कर देने वाले कई दृश्य हैं। सिनेमाहाल से बाहर आने के बाद भी आप इस फिल्म के जादू में खुद को गिरफ्त ही पाएंगे।

फिल्म की कहानी रानी पद्मावती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सुंदर और साहसी रानी है। फिल्म में दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती की भूमिका निभाई है, और उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को जीवंत बनाया हैं।

रानी पद्मिनी के किरदार में दीपिका पादुकोण बेहतरीन रही हैं, तो वही राजा रवल रतन सिंह के किरदार में शाहिद कपूर भी शानदार रहे हैं। लेकिन पर्दे पर जिसने चौंकाया है, वो है रणवीर सिंह। क्रूर, वीभत्स शासक अलाउद्दीन खिलजी के किरदार में रणवीर सिंह ने जान फूंक दी है। उनकी मेहनत दिखती है। इसके अलावा रज़ा मुराद, अदिति राव हैदरी, जिम सर्भ आदि ने भी कमाल का काम किया है।

खैर, अब बात करें निर्देशन की, तो फिल्म के हर सीन में संजय लीला भंसाली का स्पेशल टच देखने को मिलेगा। संजय लीला भंसाली का निर्देशन इस फिल्म को एक अद्वितीय और अविस्मरणीय बनाता है।

संगीत

तुर्क-अफगानी संगीत का बेहतरीन संगम है। 'घूमर', 'एक दिल एक जान' पहले से ही दर्शकों की ज़बान पर चढ़ चुके हैं। फिल्म के गाने फिल्म को रोकते नहीं है, बल्कि साथ में बहते हैं। वहीं बैकग्राउंड स्कोर में कुछ कसर सी लगती है।

निष्कर्ष

पद्मावत एक ऐतिहासिक मूवी है जो दर्शकों को अपनी कहानी व संदेश से प्रभावित कर सकती हैं।

हालांकि, फिल्म की कहानी और पात्रों को लेकर कुछ विवाद हुए थे, लेकिन यह भी सच है कि फिल्म ने कई लोगों को आकर्षित किया और उन्हें अपनी कहानी और संदेश से प्रभावित किया।





वर्तमान समय में गांधीवाद की प्रांसगिकता

रिषभ पांडेय
बी.ए. (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

गांधीवाद महात्मा गांधी के आदर्शों, विश्वासों एवं दर्शन से उद्भूत विचारों का संग्रह है, जो स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेताओं में से थे। यह ऐसे उन सभी विचारों का एक समेकित रूप है जो गांधी जी ने जीवन पर्यंत जिया था। वर्तमान अस्थिरता के दौर में जहाँ संपूर्ण विश्व बाज़ारवाद की दौड़ में शामिल हो चुका है, लालच की परिणति युद्ध की सीमा तक चली जाती है, ऐसे में गांधीवाद की प्रासंगिकता पहले से कही अधिक हो जाती है। गांधीवाद टोपी या धोती पहनना या फिर ब्रह्मचर्य अपनाना नही बल्कि किसी भी शोषण का अहिंसक प्रतिरोध, सबसे पहले दूसरों की सेवा, संचय से पहले त्याग, झूठ के स्थान पर सच, अपने के बजाय देश और समाज की चिंता करना आदि विचारों का समग्र रूप है। गांधीवादी विचार व्यापक रूप से प्राचीन भारतीय दर्शन से प्रेरणा पाते हैं और इन विचारों की प्रासंगिकता अभी भी बरकरार है। आज के दौर में जब समाज में कल्याणकारी आदर्शों का स्थान असत्य, अवसरवाद, धोखा, चालाकी, लालच व स्वार्थपरता जैसे संकीर्ण विचारों द्वारा लिया जा रहा है तो समाज सहिष्णुता, प्रेम, मानवता, भाईचारे जैसे उच्च आदर्शों को विस्तृत करता जा रहा है। विश्व शक्तियां शस्त्र एकत्र करने की स्पर्धा में लगी हुई हैं। ऐसे में विश्व शांति की पुनर्स्थापना के लिए, मानवीय मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए आज गांधीवाद नए स्वरूप में पहले से कही अधिक प्रासंगिक हो उठा है।

गांधी जी धर्म व नैतिकता में अटूट विश्वास रखते थे। उनके लिए धर्म, प्रथाओं व आडंबरों की सीमा में बंधा हुआ नही वरन् आचरण की एक विधि थी। गांधी जी के अनुसार धर्मविहिन राजनीति मृत्युजाल है, धर्म व राजनीति का यह अस्तित्व ही समाज की बेहतरी के लिए नीव तैयार करता है। गांधी जी साधन व साध्य के मध्य बीज व पेड़ के जैसा संबंध समझते थे। दूषित बीज होने की दशा में स्वस्थ पेड़ की उम्मीद करना अकल्पनीय है। गांधीवादी विचारधारा महात्मा गांधी द्वारा अपनाई गई और विकसित की गई उन धार्मिक सामाजिक विचारों का समूह है जो उन्होंने पहली बार दक्षिण अफ्रीका में तथा उसके बाद फिर भारत में अपनाई थी। गांधीवादी दर्शन न केवल राजनीतिक, नैतिक और धार्मिक है, बल्कि पारंपरिक और आधुनिक तथा सरल एवं जटिल भी है। यह कई पश्चिमी प्रभावों का प्रतीक है, जिनको गांधीजी ने उजागर किया था। लेकिन यह प्राचीन भारतीय संस्कृति में निहित है तथा सार्वभौमिक नैतिक और धार्मिक सिद्धांतों का पालन करता है। गांधीजी ने इन विचारधाराओं को विभिन्न प्रेरणादायक स्त्रोतों जैसे- भगवद्गीता, जैन धर्म, बौद्ध धर्म, बाइबिल, गोपाल कृष्ण गोखले, टॉलस्टॉय, जॉन रस्किन आदि से विकसित किया। टॉलस्टॉय की पुस्तक 'द किंगडम आफ गॉड इज विदिन यू' का महात्मा गांधी पर गहरा प्रभाव था (गांधीजी ने रस्किन की पुस्तक 'अंटू दिस लास्ट' से 'सर्वोदय' के सिद्धांत को ग्रहण किया और उसे जीवन में उतारा।

गांधीजी ने आजादी की लड़ाई के साथ-साथ छुआछूत उन्मूलन, हिंदू-मुस्लिम एकता, चरखा और खादी को बढ़ावा, ग्राम स्वराज का प्रसार, प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा और परंपरागत चिकित्सीय ज्ञान के उपयोग सहित तमाम दूसरे उद्देश्यों पर कार्य करना निरंतर जारी रखा। सत्य के साथ गांधीजी के प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधी जी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है और अगर मनुष्य का संघर्ष सत्य के लिए है तो हिंसा का लेशमात्र उपयोग किए बिना भी वह अपनी सफलता सुनिश्चित कर सकता है। प्रमुख गांधीवादी विचारधारा में सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, सर्वोदय, स्वराज एवं स्वदेशी शामिल हैं। महात्मा गांधी का मानना था कि "तत्कालिक जरूरतें यह नही है कि एक धर्म हो, बल्कि यह है कि विभिन्न धर्मों को मानने वालों में आपस में आदर और सहनशीलता हो। हम बेजान समानता नही चाहते पर विविधता में एकता चाहते हैं। परंपराओं, संस्कारों, जलवायु और दूसरी परिस्थितियों को मिटाने का प्रयत्न किया जाएगा तो वह असफल ही नही होगा बल्कि अधर्म भी होगा। धर्मों की आत्मा एक है, परंतु अनेकों रूपों से प्रकट हुई है, ये रूप अनंत काल तक रहेंगे।"

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शब्दों में "यह देश इसलिए महान नही है कि यहाँ संसार का सबसे ऊँचा पहाड़ है या सबसे पवित्र नदी गंगा है बल्कि यह देश इसलिए महान बना क्योंकि यहां हिमालय से भी ऊंचे और गंगा से भी पवित्र परम मानव पैदा हुए। राष्ट्र को आज उन्ही मनुष्यों की खोज है। ऐसे कुछ इंसान हो जाएं तो देश हर संकट का मुकाबला कर सकता है।" आज के वर्तमान समय में जब हम गांधी जी के विचारों के विषय में चिंतन करते हैं तो हमे स्पष्ट होता है कि गांधी जी के विचारों की व्यापक प्रासंगिकता आज है तभी हमारे देश का नैतिक व आध्यात्मिक विकास संभव है। गांधी जी के विचारों के अनुकरण से हम राष्ट्रीय जीवन में व्याप्त हिंसा, घृणा और अहंकार पर टिकी हुई वर्तमान सभ्यता के विविध दोषों को सरलता से दूर कर सकते हैं। गांधी जी का मानना था कि "मैं भारत का उत्थान इसलिए चाहता हूँ कि सारी दुनिया उससे लाभ उठा सके। मैं यह नही चाहता कि भारत का उत्थान दूसरे देशों के नाश की नीव पर हो।" वास्तव में गांधी जी एक अवधारणा व विचार हैं, जो अपने जीवन काल में एक संस्था बनकर जिए और मृत्यु के बाद एक सजीव आस्था और वाद के रूप में व्यवस्थित हो गए। गांधी जी के सत्य, अहिंसा और प्रेम को कही दुरुह और कही असामान्य की संज्ञा दी गई है। गांधी जी की महानता को स्वीकार करते हुए प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन का कथन है कि "विश्व की भावी पीढ़ियां इस बात पर मुश्किल से ही विश्वास कर पाएंगी कि गांधी नाम का एक हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर विचरण करता था। "इस तथ्य से इंकार नही किया जा सकता कि अपने अहिंसात्मक अभियानों के द्वारा गांधी जी ने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को आशा से पहले ही भारत छोड़ने पर विवश कर दिया। अहिंसा द्वारा वह सांप्रादायिकता की फैलती लहर को रोकने में समर्थ हो सके, भारत विभाजन के समय।

अमरीकन पादरी डॉ जॉन हँस होस का कथन है कि "ईसामसीह के बाद गांधीजी विश्व के सबसे महान व्यक्ति थे"।

पश्चिमी विद्वानों ने भौतिकता के माध्यम से शक्ति प्राप्त करनी चाही तो गांधी जी ने आध्यात्मिकता पर बल दिया। गांधीजी सभ्यता के संबंध में नैतिक दृष्टि रखते थे। आज के हिंसक होते हुए समाज में गांधीवाद की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। हमारे सामने इसे अपनाने के सिवा कोई रास्ता नही है। सकारात्मक अहिंसा को अपनाकर ही दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकतों का सामना किया जा सकता है। एक शायर के शब्दों में-

"हजारों साल में ऐसा मसीहा एक आया था। कि जिस ने आदमी को आदमी बनना सिखाया था"।

गांधी दर्शन ने आज समूचे विश्व में अपनी पहचान बना ली है। गांधी मॉडल को आज विश्व के अन्य देश भी अपना रहे हैं। "गांधी मर सकता है लेकिन गांधीवाद हमेशा जीवित रहेगा। गांधीवाद की आज जितनी प्रासंगिकता बनी हुई है, उतनी शायद पहले कभी नही थी। आज इस आतंक और सांप्रदायिक तनाव में घिरे हुए विश्व के लिए गांधीवाद ही एक अकेला ऐसा रास्ता है, जो नयी दिशा दिखाता है और यही कारण है कि विश्व के ज्यादा से ज्यादा देश इस ओर प्रभावित हुए बिना नही रह सके हैं।



अराजकता

सत्यम कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

मेरे देश में विचारों की कमी क्यों छाई है, ये दीमक क्यों आई है,
जहाँ उन्नति की राहें होनी थी, वहाँ रुकावटें आई हैं।
हर व्यक्ति और व्यवस्था से हूँ मैं भली-भाँति परिचित,
फिर भी प्रगति की गति क्यों है इतनी सीमित?

सभी देश को उचित दृष्टि से देखते हैं,
पर लाभ की चाह में, दृष्टि बदलते हैं।
दौलत के भूखे, देश के नही साथी,
'भारत' का नाम लेकर, बढ़ाते अपनी थाती।

देश में नियम-कानून की चाहत सब जताते,
पर अपनी बारी पर रिश्वत हाथ बढ़ाते।
रिश्वत लेने वाले हमें कानून सिखाते,
नैतिकता की बातें, पर खुद राह भटकाते।

हर जगह धर्म की चर्चा, बहसें अनगिनत,
विरोध में बोलो तो, गालियाँ मिलें तुरंत।
देशद्रोह का तमगा, तुम पर चिपकाएँ,
स्वतंत्र विचारों को, कैसे हम बचाएँ?


Glimpses
of
Malhar'25

ENGLISH SECTION

Editor:

Dr. Jyoti Kulshreshtha

Mr. Ravi Kant

Mr. Satyam Kumar

Dr. D A Esther

Dr. Kanika Lakra

Student Editor:

Anurag Pratap Singh

DHARTI ABA- BIRSA MUNDA: A MARTYR

Dr. Susanta Kumar Bag
Professor
Dept. of History

Bhagawan Birsa Munda popularly known as 'Dharti Aba' (saviour of earth) was born on 15 November 1875 at Ulihatu village of Khuti police station of Chottanagpur and perhaps poisoned to death on 9th June 1900 by the British colonial power. He died a martyr's death at the age of only 25 in Ranchi jail of present Jharkhand, part of South Bihar for restoration tribal identity and culture. His childhood was full of obscurity and challenges but the adversities never stopped him to become a champion of Adivasi's of Chottanagpur of South Bihar. Since his childhood he was quite sensitive to the sufferings of the Adivasi's of Chottanagpur region at the hands of the Dikus (outsiders) i.e. the local landlords, moneylenders other revenue agents and the hegemonic British colonial power. These Dikus exploited them on the basis of agrarian and forest revenues but also on other inhuman exploitations during nineteenth century. Birsa in his formatives years of life came across the incidents of prolonged resistance of the tribals of Chottanagpur against the 'Dikus'. These incidents indeed had a seminal impact on Birsa. Due to agrarian exploitations the tribals of Chottanagpur were under severe debt trap and became landless labourers living under abject poverty and starvation and many had to leave their own native place in search of alternative job for livelihood. The socio-economic as well as cultural subjugation lead to insult, personal humiliations to life and dignity of the tribals. This ruthless exploitation by the Dikus was going beyond all limits of forbearance by the beginning of 19th century. Accordingly there were persistence revolts of the tribals against the outsiders but last not the least the revolt was 'Munda Revolt' during 1889-94 led by Bhagwan Birsa Munda to end the socio-economic miseries and cultural subjugation of

tribals of Chottanagpur. The opportunity for Birsa to fight against British came when Sardari Larai Movement (1858-1895-Munda and Oraon tribes) took place in Chottanagpur to protect the rights of Adivasis from land grabbing of the landlords and other authorities. Around that Birsa was widely accepted by the tribal community as their leader as he possessed supernatural power. He was well considered by his community as a religious guru- "Bhagawan" or "Dharti Aba". Birsa devised his own religious tenets from Hinduism, Christianity and Munda belief and drew support of the tribal masses to fight against the hegemonic British imperialism as well as against landlords, moneylender and etc. His emergence as a tribal leader terrified the colonial power. During Sardari movement besides Birsa few of his followers were arrested 24th September 1895 and imprisoned for 2 years and later released in 1897. Then he waged total armed struggle known 'Ulgulan' in Mundari language. Birsa organised secret meetings in secluded jungles and hills of Dombari or Sail Raqeb and his first attack came on 1st October 1894 for remission of forest cess. He gave his clarion call to the tribals in his own Mundari language 'Maharani raj tundu janaoro abua raj ete jana'. His revolt was aimed at the complete annihilation of British power in India. The British made earnest efforts to suppress the movement and Birsa was caught treacherously on 3rd March 1900 and was imprisoned in Chaibasa jail. Later perhaps was poisoned to death.

Though Birsa's revolt failed to liquidate the foreign rule, but it brought about many changes in the socio-economic and cultural policies of colonial government. Bhagawan Birsa was thus a true patriot, legend and became martyr who laid down his life for the Adivasi's of Chottanagpur. Birsa Bhgawan still is fondly remembered in the popular memories of tribals of Jharkhand and people of India. He was a true 'Messiah' who saved the tribals from the age-long sufferings and exploitation from the outsiders- the Dikus. His contribution thus is immense to save tribal identity and culture and his valour and sacrifices are inspiration to the youths of the nation today.

EMOTIONAL INTELLIGENCE: A KEY TO SUCCESS FOR COLLEGE STUDENTS

Prof. Vikas Kumar Joshiya
Professor
Department of Commerce

As college students, you're, in all likelihood, no strangers to stress, anxiety, and pressure to perform. With classes, assignments, and extracurricular activities to juggle, it's easy to feel overwhelmed by a whirlwind of emotions. But what if you could develop a skill that would help you navigate these challenges with ease?

This is where emotional intelligence (EI) comes in- a vital component of both personal and professional success. Emotional intelligence refers to the ability to recognize and understand emotions in yourself and others and to use this awareness to guide your thoughts, behaviour and actions effectively.

Why Emotional Intelligence Matters for College Students

1. Better Relationships: Emotional intelligence enables effective communication, empathy, and the ability to build strong relationships with peers, professors, and mentors.
2. Improved Mental Health: By recognizing and managing your emotions, you can reduce stress, anxiety, and depression, leading to overall better well-being.
3. Increased Self-Awareness: Emotional intelligence enhances your understanding of your strengths, weaknesses, and motivations, making it easier to set goals and make informed decisions.
4. Enhanced Academic Performance: Managing stress and emotions can improve your focus, concentration, and productivity, resulting in better grades and academic success.

5. Career Readiness: Emotional intelligence is a highly valued skill in the workplace, and developing it now will give you a competitive edge in your future career.

Developing Emotional Intelligence

1. Self-Reflection: Take time to recognize and understand your emotions. Ask yourself, "How am I feeling right now?" and "Why am I feeling this way?"
2. Active Listening: Pay attention to others, ask open-ended questions, and strive to understand their perspectives.
3. Empathy: Put yourself in others' shoes and try to see things from their point of view.
4. Effective Communication: Practice clear, respectful, and assertive communication to build strong relationships.
5. Stress Management: Develop healthy coping mechanisms, such as exercise, meditation, or deep breathing, to effectively manage stress and emotions.

Tips for College Students

1. Take Breaks: Schedule regular time for relaxation and self-care to help manage stress and emotions.
2. Seek Support: Reach out to friends, family, or a counsellor to discuss your emotions and concerns.
3. Practice Mindfulness: Concentrate on the present moment and let go of worries about the past or future.
4. Get Enough Sleep: Aim for 7 to 9 hours of sleep each night to help regulate your emotions and reduce stress.
5. Stay Organized: Utilize tools like calendars, to-do lists, and reminders to effectively manage your time and minimize stress.

Conclusion

Emotional intelligence is a powerful skill that can help you navigate the challenges of college life and beyond. By developing your emotional intelligence, you will be better equipped to build strong relationships, manage stress and emotions, and achieve success both academically and professionally. Take the first step today and start cultivating your emotional intelligence.



THE MEANING OF LIFE

Dr. Jyoti Kulshrestha
Assistant Professor
Department of English

In the age of science and technology, the world has become more technical and informative, and it is somewhere lacking emotions, understanding, and deeper thoughts. This emotional void can lead to feelings of jealousy, anger, hardship, struggle, stress, and so on. As a result, people can become trapped in negative thoughts. As human beings, our keen desire is to remain happy and satisfied. With this pursuit in mind, I would like to discuss Eudamonism, a philosophical theory that emphasizes the pursuit of happiness, where there is only pleasure and no pain.

The theory of eudamonism advocates the notion of a purposeful life. While discussing eudaimonism, Aristotle emphasises the importance of a life filled with " Phronesis (practical wisdom), virtue, excellence, friendship and community." The concept of eudaimonia originates from Aristotle's "Nicomachean Ethics," his philosophical work on the science of happiness (Irwin, 2012). Before Aristotle, Socrates and Plato had also explored this term. Socrates focused on the knowledge of what is good and what is evil. In totality, he talked about courage, justice, and piety as united. In fact, Socrates believed in the idea of "Ultimate Good." The great philosopher Plato had examined moral thought and behaviour. According to Deci and Ryan (2006), "'Eudomania is about individual happiness. Well-being is not so much an outcome or end state as it is a process of fulfilling one's daimon or true nature -that is of "fulfilling one's virtuous potentials and living as one was inherently intended to live." Some where very close to the idea that modern psychology includes positive relationships with others. However, a critical debate persists over whether life is all about happiness.

WEAPONISED TRAUMA AND THE INTERRUPTED SUBJECT

Ravi kant
Assistant Professor
Department of English

Trauma is not just an event but an experience—one that fundamentally alters the cognitive and affective landscape of an individual. As a lived reality, trauma resists easy categorisation, disrupting conventional understandings of memory, subjectivity, and agency. It is not merely a psychological wound but an active force that intervenes in the very mechanisms of thought and emotion, often overpowering the subject's cognitive agency.

The notion that trauma can be triggered is well established, but can it be weaponized? What happens when trauma is deliberately induced, encoded, and deployed as a mechanism of control? In fiction, particularly in the Netflix web series Zero Day, which I recently binge-watched, this possibility is chillingly explored: a secret neurobiological weapon designed to exploit the vulnerabilities of human trauma.

The series unfolds against the somber backdrop of a potential cyberattack that has devastated the United States, leaving thousands dead and plunging the nation into chaos, fear, and socio-political unrest. At the center of this crisis is the ex-president portrayed with all its sincerity by the legendary Hollywood actor Robert De Niro, who becomes the target of a neurobiological weapon engineered to trigger his most personal and devastating loss—the overdose and death of his only son. The induced trauma incapacitates him, blurring the boundaries between personal grief and political responsibility, leaving

him dangerously susceptible to manipulation at a pivotal moment of national crisis.

Trauma as a Neurobiological Weapon:

If trauma could be encoded, what would this mean for the human unconscious? Could it function like a virus, infiltrating the psyche like malware—an almost ghost-like entity that incapacitates its host? Trauma already possesses a spectral quality: it haunts, lingers, and resurfaces unexpectedly. It disrupts the seemingly linear course of life, exposing the illusion of a predetermined trajectory. In doing so, it renders the subject
interrupted—suspended in existential crisis, confronting the banality of a discursively constructed reality that suddenly fractures, much like plunging into a nightmare with the eerie awareness that it might only be a dream.

What if this process could be engineered, directed, and controlled? Christopher Nolan's Inception, a film released in the year 2010 draws attention to the Freudian mechanization of dreams and the power they wield. But what if the dream itself could be weaponized—capable of triggering mass trauma, strategically inducing affective paralysis? Such a possibility opens a chilling frontier for biopolitical control.

In literature and cultural studies, trauma and memory studies have become crucial frameworks for understanding how both individual and collective subjectivities are entangled and mutually shape each other. Memory is ephemeral, liminal, precarious—it is as much an absence as it is a presence. The fluidity of memory makes it susceptible to distortion, erasure, and, potentially, deliberate reconfiguration. This aligns with Catherine Malabou's reading of trauma, particularly her concept of the brain's plasticity, which suggests that the brain is not only impacted by trauma but also shaped by it. The malleability of the

brain means that trauma is not simply an imprint but a continuous operative force of transformation- one that can be harnessed, manipulated, and in extreme cases, weaponized.

The Anatomy of Trauma: Agency, Resistance, and Rupture

An anatomy of trauma reveals its profound entanglement with signification,
embodiment, and temporality. The moment of trauma is not a singular event but a rupture—a break in the spatial-temporal order that resists closure. Trauma refuses to be archived as a mere bad memory tucked away in the recesses of the mind. Instead, it asserts an undeniable agency, one that cannot be easily suppressed or neutralised.

However, the widespread and often casual use of the term "trauma" in contemporary discourse risks obscuring the weight of genuine traumatic experiences. The dilution of trauma's meaning—its appropriation as a metaphor for everyday stress—diminishes its specificity and the real suffering it entails. Returning to the web series, the show's underexplored but intriguing premise raises questions about the use of trauma as a political instrument. What would it mean for trauma to be deployed at scale, not just as a psychological aftereffect but as an active, engineered force? While the series did not receive significant critical attention, the idea of trauma's territorial colonization of the mind—where it infiltrates at crucial moments,
disrupting the distinction between personal anguish and political responsibility—is an area ripe for deeper exploration. Imagine a scenario where trauma functions as both an internal and external war zone, where the battle is not fought with conventional weapons but with the unbearable weight of memory itself.

Would Zero Day have been more compelling if its protagonist had fully

succumbed to the insidious, cartographic trauma mapping itself onto his psyche? The loss of his young son—etched into his mind at the moment he steps into the room where his son had overdosed on drug or might have deliberately taken his life, loud music looping endlessly in the background—permeates his consciousness, surfacing at critical juncture of institutional decision making and intertwining with the uncertainties of the present. If the narrative had delved beyond the tactical consequences of his trauma to affective infiltration, it might have fully embraced the horror of weaponized trauma—a force that refuses to remain in the past, capable of being reactivated, reprogrammed, and unleashed at will.



THEY ALL CAME DRESSED UP

Dr. Mercy Jill Jill
Assistant Professor
Department of English

They all came dressed up!

Happiness came in with glistening teeth and rosy cheeks.
She had scrunching lids with gleaming pupils.
People crowded and rallied around her.
They clung to her and praised her.

Then came Love with mesmerizing eyes and intoxicating lips.
Her face was red with simpering cheeks.
People oozed lust upon seeing her!
Their hearts pounded and leaped to touch her, to steal a glance at her.

Then came Sorrow, dressed in white.
Two pearly tears welled up in her drooping eyes as if they were about to fall.
Sunken cheeks, swollen nose, a withered face with worn-out lips.
People crowded around to sign her book of sympathy,
which she dragged through those aisles.
They competed to sign on her heart,
only to run away from her sight.

At last came Rage, undisguised.
As ugly as she was, she bore no pearly smiles, no diamonds in her eyes.
She wore no makeup!
She cared for none.
She was glorious, courageous, and confident.
But only a few gathered around her whimsies.
Others spat on the floor and raced past her
with masked hearts and pricking eyes.

LACK OF PURPOSE IN LIFE: AN OBSERVATION

Satyam Kumar
Assistant Professor
Department of English

Ironically, in a world where most people are busy with their respective goals and interests and want to fulfil and achieve them by working hard in the right direction, many lack even basic purposes in life. Such purposeless people do not know their goals and interests and never focus on the question of what to live for? They just go on living as most others of their kind do. On the one side, we have people immersed in their pursuits, striving for success in different desired fields; on the other, we notice a large number of people without any certain goals and aims. This purposelessness is not at all by choice. Rather, it is the immediate result of the different kinds of social, cultural, economic, educational and other such inequalities which these people face in society. Actually, the lack of proper education, guidance and motivation are responsible for and lead to the lack of any fixed aim or purpose in one's life. Many of such purposeless people, who mostly come from the unprivileged sections of the society, do not know at all or are generally much confused regarding what to do and what not to do for their success in any field. They also lack the confidence, moral support and materialistic resources for doing something new and innovative. Lack of good education for common people, especially in a country like India, increases this problem even more. A large number of such purposeless people come from either uneducated or inappropriately educated sections of the society, and as a result, they remain fit almost for nothing. Here, it is also very important to point out that most of the new formally educated youths never want to go in their traditional occupations; rather they strive for success in the other new fields in life, mostly irrespective of their skills, talent and eligibility. If they are fit and eligible for what they desire, they succeed in some way or the other, but the difficulty certainly arises for those who just opt for anything without going deep into the matter and without analysing

their goals and purposes properly. In this way, they go on doing things like others, but always without a real interest. This can also be described as a form of purposelessness. Aspirants who fall into this category often struggle to give their best effort and fail to focus on any clear goal. As a result, they end up merely going through the motions and may even find themselves engaging in other, less meaningful activities.

Social disparities and the different kinds of unequal treatments, some of the basic and most important reasons behind pushing people into purposeless life, among many other significant factors, are evident from the very beginning of an individual's social life, and examples in support of this can be derived from our society itself. Society plays a vital role in shaping the life and career of an individual. The way society responds and reacts has a great impact on the lives of the people. For instance, by dividing society into two different sections, privileged and unprivileged, we can easily discern the differences which are there in almost every field, from the manners and behaviour to the goals and purposes. From the very beginning of their life, say childhood and student-life itself, the children of the privileged sections are initiated into some purposes. They are advised to do something good, learn good manners, go to school, study and many more such things. Thus, in their very early life they are introduced to their upcoming goals and purposes. We often hear from the little school-going children about their future goals and aspirations. Whether they fully understand these things or they are given extra mental pressure by their teachers and parents are the matters of further discussion, but what is important here is that in any way they are early aware of the realities of life. Moreover, as they are born in the privileged families, they also have almost all the available means and resources within their reach for their future pursuits. On the other hand. children of the same age belonging to unprivileged sections of the society know comparatively less about these things. They are not formally introduced to their upcoming goals and purposes. In fact, in most cases, they do not even have the basic facilities

